RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 अंक-266 जयपुर, शुक्रवार, 27 मार्च 2026 मूल्य-4 रूपये

पश्चिम एशिया में जारी जंग के बीच होर्मुज से भारत के लिए खुशखबरी

## ईरान ने भारत सहित पांच देशों के लिए खोला होर्मुज स्ट्रेट, ऊर्जा संकट कम होने की उम्मीद

तेहरान/वॉशिंगटन डीसी




मिडिल ईस्ट में तनाव के बीच भारत के लिए खुशखबरी है. ईरान ने साफ कर दिया है कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पूरी तरह से बंद नहीं है. ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने गुरुवार, 25 मार्च को स्पष्ट किया कि यह मार्ग सिर्फ मित्र देशों के जहाजों के लिए खुला है. अराघची ने कहा कि भारत, चीन, रूस, इराक और पाकिस्तान जैसे 'दोस्त देशों' के जहाज सुरक्षित रूप से होर्मुज से गुजर सकते हैं, जबकि दुश्मनों और उनके सहयोगियों के लिए यह मार्ग बंद है. बांग्लादेश ने भी हमसे बातचीत की और तालमेल बिठाया. यह तालमेल भविष्य में भी जारी रहेगा और जंग के बाद भी. ईरान जंग को खत्म कराना चाहता है, लेकिन अपनी शर्तों पर ताकि भविष्य में हमले न होने की गारंटी ली जा सके. उन्होंने कहा, ईरान ने होर्मुज को कंट्रोल करके अपनी ताकत दिखा दी है.

स्ट्रेट ऑफ होर्मुज उत्तर में ईरान, दक्षिण में ओमान और संयुक्त अरब अमीरात से घिरा है. स्ट्रेट ऑफ होर्मुज अपनी शुरुआत और अंत पर 50 किलोमीटर चौड़ा है. यह खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है. यह जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे बड़े कच्चे तेल के टैंकरों के लिए पर्याप्त गहरा है, और इसका इस्तेमाल मिडिल ईस्ट के प्रमुख तेल और एलएनजी उत्पादक देशों के साथ-साथ उनके आयातक देशों द्वारा भी किया जाता है.

दुनिया को मिलने वाली 20 फीसदी तेल और स्र्ह्लत्न इसी रूट से होकर पहुंचती है. ईरान ने इस पर रोक लगाई और ईंधन की कीमतें आसमान छूने लगीं.

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने इस स्थिति को लेकर गंभीर चिंता जताई. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि होर्मुज का बंद होना पूरी दुनिया में तेल, गैस और खाद की सप्लाई को प्रभावित कर रहा है, जिससे ईंधन की कीमतें बढ़ रही हैं. गुटेरेस ने कहा कि इस समय कृषि सीजन में देरी गंभीर परिणाम ला सकती है और जंग को तुरंत समाप्त करना ही सही रास्ता है.

### ट्रम्प ने ईरानी ऊर्जा-ठिकानों पर 10 दिन हमले टाले



*अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के ऊर्जा ठिकानों पर हमले 10 दिन के लिए टाल दिए हैं। नई डेडलाइन अब 6 अप्रैल तय की गई है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ईरान के एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर फिलहाल कार्रवाई नहीं करेगा और 10 दिन की मोहलत दी गई है। उन्होंने बताया कि यह फैसला इसलिए लिया गया है ताकि दोनों देशों के बीच चल रही बातचीत को आगे बढ़ने का मौका मिल सके। इससे पहले भी ट्रम्प ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले की योजना को टाल चुके हैं, जिसे अब फिर से आगे बढ़ाया गया है।*

### तेहरान की चेतावनी- अगर अमेरिका ने जमीनी हमला किया तो 'नरक' बना देंगे



*ईरान-अमेरिका-इजरायल युद्ध अब भयानक होता जा रहा है। ईरान ने अमेरिका को कड़ी चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका ईरानी धरती पर जमीनी आक्रमण शुरू करता है तो उसे ऐतिहासिक तबाही का सामना करना पड़ेगा। एक ईरानी सैन्य सूत्र ने तसनीम समाचार एजेंसी को बताया कि दक्षिणी मोर्चे पर संभावित अमेरिकी हमले की अटकलों ने ईरानी लड़ाकों में भारी उत्साह पैदा कर दिया है। सूत्र के अनुसार, दस लाख से अधिक लड़ाके तैयार हैं, जिनमें बड़ी संख्या में युवा बासिज, आईआरजीसी (इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स) और नियमित सेना के सदस्य शामिल हैं।*

## मध्यप्रदेश में सीएम के कार्यक्रम से लौट रही बस पलटी, 10 की मौत



### 30 से ज्यादा घायल, महिला और बच्चे का हाथ कटकर अलग

देवेंद्र ठाकुर। छिंदवाड़ा

मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में पिकअप वाहन से आमने-सामने की टक्कर के बाद बस पलट गई। हादसे में दोनों गाड़ियों के ड्राइवर समेत 10 लोगों की मौत हो गई। 30 से ज्यादा घायल हुए हैं। एक महिला और एक बच्चे का हाथ कटकर अलग हो गया। कुछ यात्रियों के सिर फूटे हैं।

एक्सीडेंट गुरुवार शाम करीब साढ़े 6 बजे सिमरिया के पास हुआ। MP28 P 0321 नंबर की इस बस में 47 लोग सवार थे। यह छिंदवाड़ा के पुलिस लाइन में आयोजित हितग्राही सम्मेलन से लौट रही थी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी शामिल हुए थे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये और गंभीर रूप से घायलों को 1-1 लाख रुपये की सहायता राशि देने का ऐलान किया है। साथ ही सभी घायलों के मुफ्त इलाज के निर्देश दिए गए हैं। भोपाल में स्वास्थ्य विभाग ने कंट्रोल रूम बनाकर स्थिति की निगरानी शुरू कर दी है, वहीं जबलपुर से डॉक्टरों की टीम भी भेजी गई है।

छिंदवाड़ा जिला अस्पताल के डीन अभय सिन्हा ने कहा- मृतकों में 6 पुरुष, 3 महिलाएं और एक बच्चा शामिल हैं। एक घायल की हालत नाजुक है, जिसे नागपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। उसके सिर पर गंभीर चोट है। खून के थक्के जम गए हैं। बाकी घायलों को यहीं रखा गया है।

#### ग्रीन कॉरिडोर बनाकर घायलों को पहुंचाया अस्पताल

घायलों को 6 एम्बुलेंसों से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। इसके लिए पुलिस ने हादसे की जगह से अस्पताल तक ग्रीन कॉरिडोर बनाया। कुछ घायलों को एक स्कूल बस से हॉस्पिटल लाया गया।

### पश्चिम राजस्थान में बारिश, पूर्व में मौसम शुष्क

**जयपुर।** पश्चिम विक्षोभ के प्रभाव से गुरुवार को प्रदेश का मौसम बदला नजर आया। दोपहर बाद पश्चिम राजस्थान के कुछ शहरों में आंधी के साथ हल्की से मध्यम बारिश हुई। एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से 28-30 मार्च को राज्य के कुछ भागों में मेघगर्जन के साथ तेज आंधी-बारिश होने की प्रबल संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार को बीकानेर, चूरू, श्रीगंगानगर सहित कुछ शहरों में दोपहर बाद मौसम पलटा और तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। इससे आमजन को तेज गर्मी से राहत मिली। प्रदेश के शहरों के तापमान में उतार-चढ़ाव का दौर बना हुआ है। गुरुवार कोटा,चित्तौडग़ढ़ और बाड़मेर का दिन का पारा 38 डिग्री के पार दर्ज किया गया।

### जी7 बैठक के लिए फ्रांस पहुंचे एस जयशंकर, वैश्विक मुद्दों पर होगी अहम चर्चा

**नई दिल्ली।** भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर जी-7 विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल होने के लिए फ्रांस पहुंच गए हैं। अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान वे साझेदार देशों के साथ वैश्विक मुद्दों पर अहम चर्चा करेंगे। यह बैठक फ्रांस के यूरोप और विदेश मामलों के मंत्री जीन-नोएल बैरोट के आमंत्रण पर आयोजित की जा रही है। फ्रांस में हुआ गर्मजोशी से स्वागत डॉ. जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जानकारी देते हुए बताया कि वे फ्रांस के अब्बे डेस वॉक्स-डी-सेर्ने पहुंच चुके हैं, जहां उनकी पहली द्विपक्षीय बैठक में फ्रांसीसी विदेश मंत्री ने उनका स्वागत किया।

### राजस्थान में नायरा एनर्जी ने पेट्रोल और डीजल की दरें बढ़ाई

**जयपुर।** राजस्थान में प्राइवेट कंपनी नायरा एनर्जी ने पेट्रोल और डीजल की दरें बढ़ा दी हैं। कंपनी ने पेट्रोल की कीमत में 5 रुपए प्रति लीटर और डीजल की कीमत में 3 रुपए प्रति लीटर की वृद्धि की है। नई रेट गुरुवार सुबह से प्रदेशभर में लागू कर दी गई।कंपनी के इस फैसले के बाद नायरा के फ्यूल पंपों पर पेट्रोल और डीजल भरवाने वाले वाहन ड्राइवरों को अब पहले से ज्यादा कीमत चुकानी पड़ रही है। प्रदेश में नायरा के लगभग 900 से अधिक फ्यूल पंप संचालित है, जबकि देशभर में कंपनी के 6700 से ज्यादा पेट्रोल पंप है।

## बांग्लादेश में बस नदी में गिरी, 26 की मौत

### बस को बड़ी नाव पर चढ़ाते समय हुआ हादसा

ढाका



बांग्लादेश के राजबाड़ी जिले में हुए बस हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 26 हो गई है। यह हादसा तब हुआ जब यात्रियों से भरी बस दाउलतदिया घाट पर फेरी (बड़ी नाव) में चढ़ते समय पद्मा नदी में गिर गई। फायर सर्विस के मुताबिक, 23 शव बस के अंदर से निकाले गए, जिनमें 11 महिलाएं, 8 पुरुष और 5 बच्चे शामिल हैं।

इसके अलावा 8 लोगों को जिंदा बचाया गया था, लेकिन उनमें से 3 लोगों की बाद में अस्पताल में मौत हो गई। कुछ लोगों की तलाश जारी है। वहीं, 22 मृतकों के शव उनके परिवारों को सौंप दिए गए हैं।

बस में करीब 40 लोग सवार थे। हादसा बुधवार शाम को हुआ। तब सिर्फ 2 लोगों की मौत की खबर आई थी। बांग्लादेश में बसों और गाड़ियों को नदी पार कराने के लिए फेरी का इस्तेमाल होता है। यह एक बड़ी नाव या जहाज जैसा होता है। प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने रेस्क्यू ऑपरेशन की जानकारी ली और जांच के आदेश दिए।

रेस्क्यू ऑपरेशन में फायर सर्विस की चार टीमें और 10 गोताखोर शामिल रहे। इनके साथ सेना, पुलिस, कोस्टगार्ड, BIWTC और लोकल प्रशासन ने भी मिलकर काम किया। कुल 25 मृतकों में से 22 शव फायर सर्विस ने निकाले, 2 लोगों को स्थानीय लोगों ने बचाया लेकिन बाद उनकी मौत हो गई, जबकि 1 शव नौसेना के गोताखोरों ने बरामद किया।

## आग का गोला बनी यात्रियों से भरी बस, 14 जिंदा जले

### आंध्र प्रदेश में डंपर से टकराकर बस में आग

### 22 घायल, 3 घंटे में आग पर काबू पाया गया

मरकापुरम



आंध्र प्रदेश के मरकापुरम जिले में रायवरम के पास गुरुवार को एक सड़क हादसा हुआ। एक प्राइवेट ट्रैवल बस और डंपर में टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही बस में आग लग गई। बस में सवार 14 यात्री जिंदा जल गए। बस में 41 लोग सवार थे। जलने वाले में एक 5 महीने का बच्चा भी है। अधिकारियों ने बताया कि हरिकृष्णा ट्रैवल्स की बस तेलंगाना के निर्मल से नेल्लोर जा रही थी। हादसा सुबह 6:00 बजे के करीब हुआ। आग पर करीब तीन घंटे में काबू पाया गया। मरकापुरम के स्क्क्वी हर्षवर्धन राजू ने कहा, डंपर ड्राइवर समेत 22 घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बस में 35 यात्री सवार थे। घटना की पूरी जानकारी जुटाने की कोशिश की जा रही है। मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने लोगों की मौत पर दुख जताया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आंध्र प्रदेश के मार्कपुरम जिले में हुए भीषण बस हादसे पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये व घायलों के लिए 50-50 हजार रुपए की सहायता राशि की घोषणा की है।

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने इस हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है. उन्होंने अधिकारियों से बात कर स्थिति की समीक्षा की और घायलों को बेस्ट चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के निर्देश दिए. अधिकारियों ने उन्हें बताया कि घायल यात्रियों का इलाज नजदीकी अस्पतालों में चल रहा है और स्थिति पर नजर रखी जा रही है. मुख्यमंत्री ने आशंका जताई कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है और हादसे के कारणों की गहन जांच कर विस्तृत रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए हैं.

आंध्र प्रदेश के मंत्री नारा लोकेश ने भी हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि यात्रियों का जलकर मारे जाना बेहद पीड़ादायक है. उन्होंने कहा कि घायलों के समुचित इलाज के निर्देश दिए जा चुके हैं और सरकार मृतकों के परिजनों के साथ हरसंभव सहायता करेगी.

## एअर इंडिया की लंदन जाने वाली फ्लाइट 7 घंटे बाद दिल्ली लौटी

नई दिल्ली




नई दिल्ली से लंदन जा रहा एअर इंडिया का A350-900 विमान गुरुवार को तकनीकी खराबी के कारण दिल्ली लौट आया। यह करीब सात घंटे हवा में रहा। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट के अनुसार, विमान ने सुबह करीब 6 बजे दिल्ली से उड़ान भरी थी।

करीब चार घंटे बाद सऊदी अरब के एयरस्पेस में विमान को लौटाने का फैसला लिया गया। विमान लगभग सात घंटे हवा में रहने के बाद दोपहर करीब 12:30 बजे वापस दिल्ली पहुंचा।

सूत्रों के अनुसार, उड़ान के दौरान विमान में अजीब आवाजें सुनी गईं। हालांकि, एअर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि एहतियातन विमान को वापस लौटाया गया। दिल्ली में इसकी जांच की जा रही है। यात्रियों को जल्द लंदन पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

इसी विमान में 11 दिन पहले 15 मार्च को भी तकनीकी खराबी आई थी। न्यूयॉर्क से दिल्ली आते समय विमान में सीट नंबर 32 और 33 पर बैठे यात्रियों को फ्लोर के नीचे से तेज कंपन और आवाज महसूस हुई। इससे अचानक उनकी नींद टूट गई।

यात्रियों ने तुरंत क्रू को इसकी जानकारी दी। उस समय विमान आयरलैंड के तट के पास था। पायलटों ने तुरंत विमान को शैनन एयरपोर्ट पर डायवर्ट करने का फैसला किया। विमान में करीब 300 लोग सवार थे। यह विमान 19 मार्च को दिल्ली वापस लाया गया। इसके बाद इस विमान ने दिल्ली-लंदन-दिल्ली और दिल्ली-न्यूयॉर्क (रोम के जरिए) रूट पर करीब 10 बार उड़ान भरी, लेकिन गुरुवार को फिर से इसी तरह की तकनीकी समस्या सामने आ गई।

## झोपड़ी से मिली 50 लाख की स्मैक-एमडी ड्रग्स

जैसलमेर



जैसलमेर में पुलिस ने ड्रग्स तस्कर को पकड़ा है। तस्कर के दोनों बेटों को पुलिस ने पिछले साल स्र्ह्व सप्लाई करते गिरफ्तार किया था। बड़ा बेटा अभी जेल में है, जबकि छोटा बेटा जमानत पर बाहर है।

तस्कर एक खेत में काम करता था। इसी की आड़ में बाड़मेर से ड्रग्स लाकर बेचता था। तलाशी के दौरान उसकी झोपड़ी से 310 ग्राम स्मैक, 140 ग्राम एमडी और 3.260 किलोग्राम डोडा पोस्त जब्त किया। इसकी अनुमानित कुल कीमत करीब 50 लाख रुपए है। ड्रग्स बेचकर कमाए 2 लाख 70 हजार 800 रुपए भी बरामद किए हैं। मामला सांगड़ थाना इलाके के कोडा गांव का बुधवार का है। जैसलमेर एसपी अभिषेक शिवहरे ने बताया- सदराम बिश्नोई (42) निवासी विरमाणियों की ढाणी, चेनपुरा (बाड़मेर) को कोडा गांव के एक खेत से पकड़ा है। इससे पहले, उसके बड़े बेटे सुरेश बिश्नोई को 9 जून 2025 को जैसलमेर छ्वस्ञ्ज प्रभारी भीमराव सिंह ने 92 ग्राम एमडीएमए के साथ कोतवाली इलाके में दबोचा था। वहीं छोटे बेटे कमलेश बिश्नोई को बाड़मेर में पकड़ी गई एमडी फैक्ट्री के मामले में 1 अक्टूबर 2025 को विशेष टीम ने गिरफ्तार किया था। वह अभी जमानत पर है।

एसपी अभिषेक शिवहरे ने बताया- तीन साल पहले सदराम बिश्नोई कोडा गांव की सरहद के पास एक किसान के खेत में मजदूरी करने आया था। वह तब से खेत संभाल रहा था। साथ में नशे का कारोबार भी करता था।

## मोदी ईरान जंग पर आज मुख्यमंत्रियों से बात करेंगे

### सप्लाई चेन पर एक्शन में टीम इंडिया, ऊर्जा तैयारियों पर मंथन

नई दिल्ली



पश्चिम एशिया में जारी युद्ध की बदलती परिस्थितियों और भारत पर इसके संभावित असर को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार, 27 मार्च को सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक करने जा रहे हैं।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए होने वाली इस बैठक का मुख्य उद्देश्य राज्यों की तैयारियों की समीक्षा करना और युद्ध से उत्पन्न होने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए एक साझा रणनीति तैयार करना है। प्रधानमंत्री ने यह कदम केंद्र द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक के ठीक बाद उठाया है, ताकि प्रशासन के हर स्तर पर सतर्कता और तैयारी सुनिश्चित की जा सके।

#### आपूर्ति चेन और आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर नियंत्रण

बैठक के एजेंडे में सबसे ऊपर युद्ध के कारण वैश्विक आपूर्ति चेन में आने वाले व्यवधानों पर चर्चा करना है। प्रधानमंत्री मुख्यमंत्रियों के साथ इस बात पर विचार-विमर्श करेंगे कि कैसे खाड़ी देशों से आने वाले कच्चे तेल, उर्वरक और अन्य आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बाधित होने पर राज्यों में कालाबाजारी और जमाखोरी को रोका जाए।

#### ऊर्जा संकट और राज्यों के लिए विशेष दिशा-निर्देश

पश्चिम एशिया भारत के लिए ऊर्जा का सबसे बड़ा स्रोत है और वहां जारी संघर्ष का सीधा असर भारत में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की उपलब्धता पर पड़ सकता है। प्रधानमंत्री इस बैठक में राज्यों को ऊर्जा की बचत और वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं।

इसके साथ ही, केंद्र राज्यों को अपने ईंधन भंडार की स्थिति का जायजा लेने और भविष्य की किसी भी आपातकालीन स्थिति के लिए तैयार रहने के निर्देश देगा। हॉर्मज में जारी तनाव के कारण आने वाले हफ्तों में ईंधन आपूर्ति में आने वाली किसी भी कमी से निपटने के लिए राज्यों का सहयोग अनिवार्य माना जा रहा है।

#### प्रवासियों की सुरक्षा और राज्यों के साथ समन्वय

खाड़ी देशों में रहने वाले लगभग एक करोड़ भारतीय प्रवासियों की सुरक्षा केंद्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री मुख्यमंत्रियों से उन राज्यों के प्रवासियों का डेटा साझा करने और उनके परिवारों के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखने का आग्रह करेंगे जो बड़ी संख्या में पश्चिम एशिया में काम कर रहे हैं।

यदि भविष्य में वहां से भारतीयों को बड़े पैमाने पर निकालने की नौबत आती है, तो उनके पुनर्वास और राज्य स्तर पर सहायता प्रदान करने के लिए केंद्र और राज्यों के बीच एक मजबूत समन्वय तंत्र बनाने पर चर्चा होगी।

#### आंतरिक सुरक्षा और कानून व्यवस्था पर पैनी नजर

वैश्विक युद्ध के माहौल में देश के भीतर सांप्रदायिक सौहार्द और कानून-व्यवस्था बनाए रखना एक बड़ी चुनौती है। प्रधानमंत्री इस बैठक के माध्यम से मुख्यमंत्रियों को यह संदेश देंगे कि अंतरराष्ट्रीय घटनाओं का असर घरेलू शांति पर न पड़ने दिया जाए।

## राजस्थान को कॉमर्शियल एलपीजी में 10 प्रतिशत अतिरिक्त आवंटन

जयपुर



राजस्थान को एलपीजी आपूर्ति के मोर्चे पर बड़ी राहत मिली है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र सरकार ने राज्य के लिए 10 प्रतिशत अतिरिक्त कॉमर्शियल एलपीजी आवंटन को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री ने अपनी पोस्ट में कहा कि यह बढ़ोतरी प्रदेश के व्यवसायों की ऊर्जा जरूरतों को मजबूती देगी और आर्थिक गतिविधियों को नई गति प्रदान करेगी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा पेट्रोलियम एवं गैस क्षेत्र में किए गए सुधारों और समय पर दी गई मंजूरियों के परिणाम स्वरूप यह अतिरिक्त आवंटन संभव हो पाया है। मुख्यमंत्री ने इस निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि केंद्र के सहयोग से राज्य में आवश्यक सेवाओं की निर्बाध, पारदर्शी और समय पर उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। गौरतलब है कि हाल ही में प्रदेश में एलपीजी आपूर्ति को लेकर उपभोक्ताओं को कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। ऐसे में कॉमर्शियल एलपीजी का अतिरिक्त आवंटन होटल, रेस्टोरेंट और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए राहत भरा कदम माना जा रहा है।

## अजित पवार प्लेन क्रैश में एफआईआर

बेंगलुरु (एजेंसी)। महाराष्ट्र के बारामती में हुए विमान हादसे में डिप्टी सीएम अजित पवार की मौत के मामले में बेंगलुरु में जीरो एफआईआर दर्ज की गई है। एफआईआर उनके भतीजे और एनसीपी (एसपी) विधायक रोहित पवार की शिकायत पर दर्ज हुई है। उन्होंने हादसे को आपराधिक साजिश बताया है। उन्होंने एफआईआर में 5 मुख्य आरोप लगाए हैं। रोहित ने कहा कि उन्होंने मुंबई के मरीन ड्राइव पुलिस स्टेशन, बारामती पुलिस और महाराष्ट्र सीआईडी से संपर्क किया, लेकिन कहीं भी एफआईआर दर्ज नहीं की गई। इसके बाद उन्होंने 23 मार्च को बेंगलुरु में जीरो पर एफआईआर दर्ज कराई। जहां अपराध हुआ है उसे छोड़कर देश के किसी भी थाने में उस अपराध की एफआईआर दर्ज कराई जाती है तब उसे जीरो एफआईआर कहते हैं। इसे फिर संबंधित थाने में ट्रांसफर कर दिया जाता है। कर्नाटक पुलिस ने केस दर्ज कर इसे महाराष्ट्र पुलिस को ट्रांसफर कर दिया है। दरअसल, 28 जनवरी को बारामती एयरपोर्ट पर प्लेन क्रैश में अजित पवार समेत 5 लोगों की मौत हुई थी।

## बिलासपुर में बर्ड फ्लू के प्रकोप ने बढ़ाई प्रशासन की चिंता, रोकथाम की कार्रवाई शुरू

### -संक्रमण के कारण 4,400 मुर्गियों की मौत, 10 किमी तक की जा रही निगरानी

बिलासपुर (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में बर्ड फ्लू के प्रकोप ने प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। कोनी इलाके में स्थित एक सरकारी पोल्ट्री फार्म में पिछले कुछ दिनों 4,400 से ज्यादा मुर्गियों की मौत हो गई। रिपोर्ट में संक्रमण की पुष्टि होने के बाद जिला प्रशासन ने युद्धस्तर पर रोकथाम की कार्रवाई शुरू की। पशु चिकित्सा विभाग के संयुक्त निदेशक ने बताया कि 19 से 24 मार्च के बीच कोनी इलाके में स्थित सरकारी पोल्ट्री फ़ार्म में वायरल संक्रमण के कारण करीब 4,400 मुर्गियों की मौत हो गई। इस फ़ार्म में कुल 5,037 मुर्गियां थीं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अधिकारी ने बताया कि मृत पक्षियों के सैंपल सोमवार को भोपाल और पुणे की लैब में भेजे गए थे। भोपाल की लैब ने मृत मुर्गियों में एवियन इन्फ्लूएंज़ा (बर्ड फ्लू) की पुष्टि हुई है। आधिकारिक बयान के मुताबिक पुष्टि होने के बाद जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल ने एवियन इन्फ्लूएंज़ा की रोकथाम और नियंत्रण के लिए रोकथाम और बचाव के लिए तत्काल निर्देश जारी किए हैं। बयान में कहा गया है कि फार्म के एक किलोमीटर के दायरे को संक्रमित क्षेत्र और 10 किलोमीटर के दायरे को निगरानी क्षेत्र घोषित किया गया है। प्रोटोकॉल के मुताबिक संक्रमित क्षेत्र के अंदर पोल्ट्री पक्षियों, उनके चारे और अंडों को नष्ट कर दिया जाएगा और उनके आवागमन पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। इसके लिए पशुपालन विभाग द्वारा पोल्ट्री पक्षियों के मालिकों को मुआवज़ा दिया जाएगा। मुर्गियों को मारने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद, फार्म को सील कर दिया जाएगा। बयान में कहा गया है कि प्रभावित क्षेत्र में संक्रमित पक्षियों को मारने, उनका सुरक्षित निपटान करने, निगरानी रखने और सैनिटाइज़ेशन के उपाय करने के लिए रैपिड रिस्पॉन्स टीमें गठित की गई हैं।

## डबल डेकर बस पलटी, 2 की मौत

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के करोल बाग में डबल डेकर बस के पलट जाने से बड़ा हादसा हो गया है। हादसे में दो लोगों की मौत हो चुकी है और कई घायल हैं। बस में 25 यात्री सवार थे जब यह हादसा हुआ। दिल्ली पुलिस ने हादसे का संज्ञान लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। बताया जा रहा है कि यह बस राजस्थान से आ रही थी और हनुमान मंदिर चौक के पास पलट गई। तीन दिन पहले जयपुर-दिल्ली हाईवे पर भी एक बड़ा हादसा हुआ था। उस दौरान हरियाणा रोडवेज की तेज रफ्तार बस चंदवाजी इलाके में एक बाइक से टकरा गई थी। बाइक पर चार लोग सवार थे, जिनमें से तीन की दर्दनाक मौत हो गई। इसके अलावा दिल्ली के नांगलोई में कुछ दिन पहले एक डीटीसी बस ने स्कूटर सवार युवक को कुचल दिया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। साथ ही, एक ई-रिक्शा और कुछ लोग बस की चपेट में आ गए, जिसके बाद घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## आप विधायक रेप केस में गिरफ्तार, हरियाणा से भागे थे, मप्र से पकड़ा

पटियाला (एजेंसी)। आम आदमी पार्टी के विधायक हरमीत पठानमाजरा को पटियाला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वह 2 साल पुराने रेप केस में वांटेड थे। पठानमाजरा केस दर्ज होने के बाद पहले हरियाणा के करनाल में घेरे गए थे, लेकिन वह कस्टडी से फरार हो गए। इसके बाद वह ऑस्ट्रेलिया चले गए थे। पुलिस ने उनका लुकआउट सर्कुलर जारी कर रखा था। पठानमाजरा 2022 में पटियाला की सनौर विधानसभा सीट से विधायक चुने गए हैं। केस में राहत के लिए पठानमाजरा ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर रखी थी। इसकी सुनवाई बुधवार को ही होनी थी। इसी को लेकर वह करीब 5 दिन पहले ऑस्ट्रेलिया से भारत लौटे थे। वह दिल्ली ही आ रहे थे, लेकिन पटियाला पुलिस को इसकी भनक लग गई। इसके बाद उन्हें मध्यप्रदेश के शिवपुरी में ग्वालियर बाइपास पर गिरफ्तार कर लिया। केस दर्ज होने के बाद वह पिछले 6 महीने से फरार चल रहे थे। पठानमाजरा पर बाढ़ के दौरान अफसरों के खिलाफ बयानबाजी के बाद केस दर्ज हुआ था। उन्होंने आरोप लगाया था कि आप की दिल्ली टीम के खिलाफ बोलने की वजह से उनके खिलाफ पुराने मामले में एफआईआर की गई है।

## दिल्ली में अवैध एलपीजी रैकेट का भंडाफोड़... 183 इंडेन गैस सिलेंडर बरामद

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के संगम विहार इलाके में क्राइम ब्रांच ने अवैध एलपीजी रैकेट का भंडाफोड़ किया है। छापेमारी के दौरान क्राइम ब्रांच ने 183 इंडेन गैस सिलेंडर बरामद किए हैं। मामले में 4 आरोपियों को हिरासत में लेकर जांच जारी है। क्राइम ब्रांच की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) को संगम विहार में गैस सिलेंडरों की जमाखोरी और अवैध रिफिलिंग की गुप्त सूचना मिली थी। इसके बाद क्राइम ब्रांच की टीम ने इलाके के तीन अलग-अलग गोदामों पर एक साथ छापा मारा। यहां चारों आरोपी शेर सिंह, सूरज परिहार, रघु राज सिंह और जितेंद्र शर्मा को अवैध तरीके से गैस सिलेंडरों की स्टॉकिंग और रिफिलिंग करते पकड़ा गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, कुल 183 सिलेंडर बरामद हुए, जिसमें 154 भरे हुए सिलेंडर, 29 खाली सिलेंडर शामिल हैं। इसके साथ ही मौके से लोहे के पाइप, तराजू और अन्य रिफिलिंग उपकरण भी जब्त किए।

# ईरान जंग का चुनाव पर असर, मिडिल ईस्ट में रहते हैं केरल के 20 लाख से ज्यादा लोग

### -वोट डालने यूएई, सऊदी अरब, कुवैत समेत कई देशों से भारत आते हैं केरलवासी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका और ईरान युद्ध का असर भारत में होने वाले विधानसभा चुनाव पर भी पड़ सकता है। खाड़ी देशों में भारतीयों के फंसे होने के कारण वोटर संख्या प्रभावित हो सकती है। इसका सबसे ज्यादा असर केरल पर पड़ेगा। अनुमान लगाया जा रहा है कि मिडिल ईस्ट में केरल के 20 लाख से ज्यादा लोग रहते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक ऑब्जर्वर्स का कहना है कि इसका असर मतदाताओं की संख्या पर पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि संख्या निर्णायक नहीं होगी, लेकिन कुछ इलाकों में इनका असर दिखेगा। वोट डालने के लिए यूएई, सऊदी अरब, कुवैत समेत कई देशों से केरलवासी भारत आते हैं।




रिपोर्ट के मुताबिक मतदाताओं की संख्या का असर खासतौर से उत्तर केरल में नजर आएगा। इसके चलते मलप्पुरम, कोझिकोड और कासरगोड जिलों में असर देखा जा सकता है। साथ ही पलक्कड़ और थ्रिसूर कुछ प्रभावित हो सकते हैं। माना जा रहा है कि आईयूएमएल यानी इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग को इस वोटर का सबसे ज्यादा फायदा होता है। आईयूएमएल कांग्रेस की अगुवाई वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट का हिस्सा है। पार्टी के महासचिव पीएमए सलाम का कहना हैं कि कई लोग वोटिंग के लिए वापस नहीं आ पाएंगे। हमारे केएमसीसी सदस्य खाड़ी देशों में अधिकारियों से बात कर रहे हैं, लेकिन हालात सामान्य नहीं हुए तो मतदाताओं की संख्या कम रहेगी। सीपीआई से राज्यसभा सांसद संदोश कुमार पी कहते हैं कि उत्तर केरल में कुछ ही क्षेत्र हैं, जहां खाड़ी में रहने वाले मतदाताओं का संख्या ज्यादा है। आमतौर पर ये सीटें जीत के बड़े अंतर वाली हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक यूएई केरल मुस्लिम कल्चरल सेंटर के अध्यक्ष पुथूर रहमान बताते हैं कि हम यूएई से आमतौर पर 8 चार्टर्ड फ्लाइट्स की तैयारी करते हैं। इस साल हम ऐसा नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सुपरमार्केट और अन्य जगहों पर काम करने वाले कई लोग इस बात को लेकर चिंतित हैं कि वह वोटिंग के लिए नहीं जा सकेंगे। 28 फरवरी और अमेरिका और इजराइल ने मिलकर ईरान पर हमला कर दिया था। इसके जवाब में ईरान ने मिडिल ईस्ट के कई देशों को निशाना बनाया। ईरान का कहना है कि देशों पर नहीं, बल्कि वहां मौजूद अमेरिकी बेस पर हमले किए थे। इसके चलते यूएई से आने वाली उड़ानें खासी प्रभावित हुईं थीं।

## बंगाल पहुंचे औवेसी ने कहा, लोग घुटन महसूस कर रहे... ये गठबंधन उन्हें विकल्प देगा

### एआईएमआईएम और जनता उन्नयन पार्टी के बीच हुए गठबंधन



कोलकाता (एजेंसी)। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने बुधवार को दावा किया कि पश्चिम बंगाल के लोग घुटन महसूस कर रहे हैं और उनकी पार्टी ने हुमायूं कबीर की आम जनता उन्नयन पार्टी (एजेयूपी) के साथ गठबंधन किया हैं, ताकि बंगाल की जनता को वह विकल्प दे सके जिसकी उन्हें बीते कई सालों से तलाश हैं। कबीर के साथ कोलकाता में प्रेसवार्ता को संबोधित कर ओवैसी ने दावा किया कि बंगाल में अल्पसंख्यकों का विकास बड़ा मुद्दा है। राज्य में अगले माह चुनाव होने हैं। उन्होंने कहा, ''एआईएमआईएम बंगाल के कमजोर वर्गों के शोषण को रोकने के लिए हुमायूं कबीर के साथ हाथ मिला रही है। हाल ही में टीएमसी से निलंबित हुए कबीर अब ओवैसी के साथ मिलकर ममता बनर्जी के अभेद्य दुर्ग (मुस्लिम वोट बैंक) में सेंध लगाने की तैयारी में हैं। कबीर की पकड़ इन इलाकों में काफी मजबूत मानी जाती है, जहाँ मुस्लिम मतदाताओं की संख्या निर्णायक है। गठबंधन का मानना है कि यदि वे इन क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तब वे राज्य सरकार बनाने में किंगमेकर की भूमिका निभा सकते हैं।

## सरकार ऐसे समय प्रस्ताव पर चर्चा कर रही, जब चुनावों को लेकर आचार संहिता लागू है

### -सीएम स्टालिन ने महिला आरक्षण अधिनियम में संशोधन के प्रस्ताव पर जताई आपत्ति

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तमिलनाडु के सीएम और डीएमके प्रमुख एमके स्टालिन ने महिला आरक्षण अधिनियम में संशोधन किए जाने के प्रस्ताव पर आपत्ति जताई है।



उनका कहना है कि केंद्र सरकार ने पांच राज्यों के चुनावों को देखते हुए यह फैसला लिया है। उन्होंने 2011 की जनगणना को ही आधार मानकर महिला आरक्षण लागू करने पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि सरकार ऐसे समय में इस प्रस्ताव पर चर्चा कर रही है, जब चार राज्यों और पुदुचेरी में चुनाव होने हैं और वहां आचार संहिता लागू है। उन्होंने कहा कि यह अप्रत्याशित है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि संसद और विधानसभाओं में महिला आरक्षण पर सरकार 2011 की जनगणना के आधार पर विचार कर रही है। यह 128वें संविधान संशोधन के विपरीत है, जो 2023 में पारित हुआ था। उन्होंने कहा कि यह जरूरी है कि 2026 की जनगणना के आधार पर इसे लागू किया जाए। ऐसी ही बात 2023 के महिला आरक्षण एक्ट में कही गई थी। उन्होंने कहा कि हम बिना किसी शर्त के महिला आरक्षण का समर्थन करते हैं, लेकिन यह जरूरी है कि सीटों का परिसीमन सही तरीके से किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने परिसीमन में आनुपातिक प्रतिनिधित्व से किसी छेड़छाड़ का विरोध किया। इसके साथ ही उन्होंने अगले 30 सालों के लिए इस बात की गारंटी मांगी कि जो परिसीमन तय हो जाएगा, उसमें तीन दशकों तक कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। स्टालिन ने कहा कि यह हमारा मानना रहा है कि राज्यों में लोकसभा सीटों का जो अनुपात है, उसमें किसी तरह का बदलाव ना किया जाए। यह गारंटी अगले 30 सालों के लिए हो। उन्होंने कहा कि सरकार को फिलहाल इस प्रस्ताव को रोक लेना चाहिए। इसके लिए सरकार को जून की शुरुआत में एक विशेष सत्र बुलाना चाहिए, जिसमें महिला आरक्षण में संशोधन पर विचार किया जाए।

# ईरान-इजराइल युद्ध में मध्यस्थता पाक जैसे देश कर रहे पीएम मोदी को भी करनी चाहिए थी

### -सपा सांसद ने कहा- किस देश से कैसे संबंध रहेंगे यह हमारे पीएम ही फैसला लेते हैं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामगोपाल यादव ने कहा है कि पश्चिमी एशिया में संघर्ष के दौरान पीएम मोदी को मध्यस्थता करनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। ईरान-इजराइल युद्ध में पाकिस्तान की ओर से मध्यस्थता के सवालों पर रामगोपाल यादव ने कहा कि पाकिस्तान, मिस्र और तुर्किए तीन देश मध्यस्थता कर रहे हैं। यह मध्यस्थता पीएम मोदी और भारत को भी करनी चाहिए थी।

उन्होंने आगे कहा कि बहुत सारे देशों ने पीएम मोदी को अपना सबसे बड़ा राष्ट्रीय सम्मान भी दिया है। पीएम मोदी की डोनाल्ड ट्रंप के साथ क्या बातचीत हुई। संसद और देश को उन्हें इस बारे में बताना चाहिए। यादव ने भारत की विदेश नीति पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की ओर से उठाए गए सवालों पर भी प्रतिक्रिया दी।



उन्होंने कहा कि विदेश नीति जो है, वो मूल रूप से पीएम मोदी के नेतृत्व में होता है कि हमारे किस देश से कैसे संबंध रहेंगे ये पीएम ही फैसला लेते हैं। जवाहरलाल नेहरू से लेकर हमेशा यही हुआ है। हमारी गुटनिरपेक्ष नीति थी, उसके निर्माता जवाहरलाल नेहरू थे। अब वह उससे हट रहे हैं तो उससे हटने वाले पीएम मोदी हैं। केंद्र सरकार की ओर से सर्वदलीय बैठक पर बुलाने पर रामगोपाल यादव ने कहा कि बुधवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई गई है। इस बारे में मंगलवार को सूचना मिली थी। समाजवादी पार्टी की ओर से जावेद अली खान और धर्मेंद्र यादव जाएंगे। पार्टियों की तरफ से दो-दो नेता जाएंगे।

इसी दौरान सपा सांसद ने संसद में पेश होने वाले केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल विधेयक का विरोध किया। उन्होंने कहा कि इस विधेयक में आपत्ति ही आपत्ति हैं। सरकार से कौन लड़ सकता है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले को वह नहीं मानती है। असिस्टेंट कमांडेंट 30 साल में भी डिप्टी कमांडेंट नहीं बन पाता है। उसी परीक्षा से पास हुए आईपीएस डीजी बन जाते हैं। सेना में मेजर जनरल और लेफ्टिनेंट जनरल बन जाते हैं। पता होना चाहिए कि निराशा में कितने लोगों ने डीआरएस लिया।

उन्होंने कहा कि मैंने शून्यकाल में इसके विरोध में आवाज उठाई थी। सपा सांसद ने कहा कि राजनेताओं की रक्षा यही जवान करते हैं। सीमा से लेकर देश के अंदर शहीद होने वाले सबसे ज्यादा यही जवान होते हैं।

## बंगाल में 'बुआ-भतीजा' मॉडल भाजपा के मजबूत ढांचे को सीधे चुनौती दे रहा

### जहां बीजेपी मजबूत वहां खुद ममता ने संभाली कमान

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में चुनावी मुकाबला दिलचस्प मोड़ पर पहुंच गया है, जहां ममता बनर्जी और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी ने भाजपा को चुनौती देने के लिए उत्तर और दक्षिण बंगाल में अलग-अलग रणनीति अपना रहे है। वहीं तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने 291 उम्मीदवारों की सूची जारी कर चुनावी अभियान को तेज किया है, जबकि भारतीय जनता पार्टी ने भी समय से पहले उम्मीदवार घोषित कर आक्रामक रुख दिखाया है। चुनाव में टीएमसी की रणनीति के तहत ममता खुद उत्तर बंगाल में प्रचार की कमान संभाल रही हैं, जहां भाजपा परंपरागत रूप से मजबूत मानी जाती है। उन्होंने अलीपुरद्वार से अभियान की शुरुआत की और दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी जैसे इलाकों में रैलियां और बैठकों की योजना बनाई है। इसके अलावा फुलबारी और नक्सलबाड़ी जैसे क्षेत्रों में भी उनका फोकस रहेगा। उत्तर बंगाल में भाजपा ने 2019 के लोकसभा और 2021 के विधानसभा चुनावों में अच्छा प्रदर्शन किया था, इसलिए ममता यहां सीधे मुकाबला करने उतरी हैं।

वहीं दूसरी ओर अभिषेक को दक्षिण बंगाल की जिम्मेदारी दी गई है, जहां टीएमसी पारंपरिक रूप से मजबूत रही है। उनका ध्यान जिलों में



संगठन को मजबूत करने और जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने पर है। इस तरह ÷बुआ-भतीजा÷ की जोड़ी राज्य के दोनों हिस्सों में संतुलित प्रचार रणनीति के जरिए चुनावी नतीजों को प्रभावित करने की कोशिश कर रही है।

उधर भाजपा भी पूरी ताकत झोंक रही है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, सुनील बंसल और भूपेंद्र यादव राज्य में सक्रिय हैं। सिलीगुड़ी और दुर्गापुर में बैठकों के जरिए संगठन को मजबूत करने की कोशिश की जा रही है। भाजपा की रणनीति बूथ स्तर तक पहुंच बनाने, घर-घर संपर्क अभियान चलाने और केंद्र सरकार की योजनाओं को प्रचारित करने पर केंद्रित है। कुल मिलाकर, बंगाल का चुनाव इस बार उत्तर बनाम दक्षिण की रणनीति पर टिका नजर आ रहा है, जहां टीएमसी का 'बुआ-भतीजा' मॉडल भाजपा के मजबूत ढांचे को चुनौती देने की कोशिश कर रहा है। अब देखना होगा कि यह रणनीति चुनावी नतीजों को कितना प्रभावित कर पाती है।

## 13 साल की खामोशी का अंत... ग्रीन पार्क में हो रहा हरीश राणा का अंतिम संस्कार

### - दिल्ली के ग्रीन पार्क में हो रहा हरीश राणा का अंतिम संस्कार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 13 साल कोमा में रहने के बाद हरीश राणा ने मंगलवार को आखिरी सांस ली। उनका अंतिम संस्कार दिल्ली के ग्रीन पार्क में हो रहा है। ब्रह्मकुमारी के सदस्य भी प्रार्थना करने श्मशान घाट पहुंचे हैं। देश में इच्छामृत्यु की अनुमति पाने वाले पहले व्यक्ति हरीश राणा का मंगलवार को निधन हो गया था। बुधवार को उनका अंतिम संस्कार दिल्ली के ग्रीन पार्क स्थित श्मशान घाट में किया जा रहा है। 13 साल तक कोमा में रहने के बाद उनके जीवन का यह लंबा और दर्दभरा अध्याय आखिरकार समाप्त हो गया। ग्रीन पार्क में अंतिम संस्कार के दौरान हरीश के परिवार के कई लोग मौजूद हैं। बुधवार को हरीश राणा के पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए ग्रीन पार्क श्मशान घाट लाया गया, जहां परिवार और करीबी लोगों की मौजूदगी में अंतिम विदाई दी जा रही है। 31 वर्षीय हरीश वर्ष 2013 से कोमा में थे। वह पंजाब यूनिवर्सिटी में बीटेक के छात्र थे और चौथी मंजिल की बालकनी



से गिर गए थे। इस हादसे के बाद से वह लगातार कोमा में रहे और पूरी तरह चिकित्सा देखरेख पर निर्भर हो गए। अंतिम दिनों में हरीश राणा से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया था, जिसमें ब्रह्म कुमारी के सदस्य हरीश के घर पर प्रार्थना करते नजर आए। उन्होंने आत्मा की शांति के लिए विशेष प्रार्थना की और उन्हें शांति से विदा होने की कामना की। ब्रह्मकुमारी के सदस्य भी श्मशान घाट पहुंचे हैं। वे यहां प्रार्थना करेंगे। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के एक ऐतिहासिक फैसले के बाद उन्हें पैसिव यूथेनेशिया की अनुमति दी गई थी। कोर्ट ने जीवन रक्षक उपकरणों को हटाने की इजाजत दी थी, ताकि उन्हें प्राकृतिक मृत्यु मिल सके। इसके तहत उन्हें इस महीने की शुरुआत में गाजियाबाद स्थित घर से दिल्ली के एम्स में पेलिएटिव केयर यूनिट में शिफ्ट किया गया था। हरीश के पिता अशोक राणा ने इस फैसले को 'बेहद दर्दनाक लेकिन जरूरी' बताया था। पिछले 13 सालों से उनका परिवार हर संभव प्रयास करता रहा। आर्थिक और मानसिक दबाव के बावजूद परिवार ने उनका इलाज जारी रखा, यहां तक कि इलाज के लिए अपना घर तक बेच दिया।

# महिला आरक्षण लागू होने के साथ ही लोकसभा सीटों की संख्या हो जाएंगी 816

### -यूपी में 120 तो महाराष्ट्र में 72 और बिहार से चुने जाएंगे 60 सांसद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महिला आरक्षण को लेकर सरकार ने बीते लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कानून पारित किया था, लेकिन अब उसमें संशोधन करने की तैयारी कर रही है। ऐसा इसलिए ताकि 2029 के लोकसभा चुनाव में इसे लागू किया जा सके। यही नहीं इस संबंध में जल्द ही संशोधन विधेयक लाया जा सकता है। यदि आने वाले लोकसभा चुनाव में ही महिला आरक्षण को लागू किया गया तो फिर राज्यों में सीटों का समीकरण भी बदलेगा। महिला आरक्षण लागू होने के साथ ही लोकसभा सीटों की संख्या 816 हो सकती है। फिलहाल 543 सीटें हैं। कुल 816 सीटों में से 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। राज्यों की बात करें तो पहले की तरह ही सबसे ज्यादा लोकसभा सीटें यूपी में होंगी। यहां 120 सांसद चुने जा सकते हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बिहार में सीटों की संख्या 40 से बढ़कर 60 हो सकती है। अब तक 48 सांसद दिल्ली भेजने वाले महाराष्ट्र में लोकसभा सीटों की संख्या 72 हो सकती है। फिलहाल दक्षिण भारत के राज्यों की जो चिंता है कि उनकी सीटें कम हो सकती हैं। उसका भी ध्यान रखा गया है और 2029 के आम चुनाव में 2011 की जनगणना के मुताबिक ही सीटों की संख्या तय होगी। इसीलिए अभी जो सीटों का अनुपात है, उसके मुताबिक सीटें जुड़ेंगी। इस तरह भले ही सीटों की संख्या यूपी, बिहार, महाराष्ट्र जैसे राज्यों में बढ़ जाएगी, लेकिन उनके अनुपात में कोई बदलाव नहीं आएगा।

जानकारी के मुताबिक महिला आरक्षण में संशोधन के लिए सरकार विपक्ष से बात कर रही है। इसकी जिम्मेदारी कई नेताओं के पास है और गृहमंत्री अमित शाह ने भी कई विपक्षी दलों से बात की है। सूत्रों का कहना है कि विपक्ष को भरोसा दिलाया है कि 2029 के आम चुनाव में 2011 की जनगणना के मुताबिक ही सीट संख्या तय होगी। इसके तहत यूपी की 120 सीटें होंगी और इनमें से 33 फीसदी यानी 40 सीटें महिलाओं के लिए रहेंगी। ऐसे ही महाराष्ट्र में 72 सीटें होंगी और 24 सीटें महिलाओं के लिए रहेंगी। पश्चिम बंगाल की सीटें 42 से बढ़कर 63 हो सकती हैं और इनमें से 21 महिलाओं के लिए रहेंगी। इसी तरह बिहार में महिलाओं के लिए 20 सीटें होंगी।

तमिलनाडु में कुल लोकसभा सीटें 39 से बढ़कर 59 हो सकती हैं। इनमें से 20 महिलाओं के लिए रहेंगी।

इसी तरह मध्य प्रदेश में 44 सीटें हो सकती हैं और इनमें से 15 महिलाओं के लिए रहेंगी। नए समीकरणों के तहत अरुणाचल प्रदेश, गोवा, मणिपुर, मेघालय, त्रिपुरा जैसे छोटे राज्यों की सीटें भी 2 से बढ़कर 3 हो सकती हैं। मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम में भी दो सीटें बढ़ सकती हैं।



फिलहाल इन राज्यों से एक ही सांसद चुना जाता है। ऐसे ही दिल्ली के सांसदों की संख्या 11 हो सकती है, जिनमें से 4 सीटें महिलाओं के लिए रहेंगी। जम्मू-कश्मीर में सीटों की संख्या 5 से बढ़कर 8 हो जाएगी और महिलाओं के लिए तीन सीटें रहेंगी।

# ‘स्मार्ट हलचल’ की खबर का असर: समाधान करने के बजाय खजूरी पंचायत ने कचरे का ट्रैक्टर ही कर दिया बंद

**‘स्वच्छ भारत मिशन’ की निकली हवा; ट्रैक्टर मालिक का खुलासा- 5 महीने का पूरा पेमेंट नहीं मिला, तारबंदी की मांग भी रही अनसुनी**

## सरपंच बोले- ‘बेटे से पूछकर बताऊंगा ‘

स्मार्ट हलचल| खजूरी/जहाजपुर


स्वच्छता अभियान के नाम पर गांव में जगह-जगह डाला जा रहा कचरा, 108 हेक्टेयर गोचर भूमि पर भी कब्जा, ग्रामीणों ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

उप तहसील मुख्यालय खजूरी में पंचायत प्रशासन की घोर लापरवाही और तानाशाही का एक और मामला सामने आया है। ‘स्मार्ट हलचल’ ने 23 मार्च को प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी कि पंचायत द्वारा खुले में कचरा डालने से पॉलीथिन खाकर गोवंश की अकाल मृत्यु हो रही है। इस खबर के छपने के बाद पंचायत ने अपनी गलती सुधारने और कचरा निस्तारण की उचित व्यवस्था करने के बजाय, पिछले दो दिन से गांव में घर-घर कचरा उठाने वाले ट्रैक्टर को ही बंद कर दिया है।

पंचायत के इस तुगलकी फरमान से गांव में ‘स्वच्छ भारत मिशन’ पूरी तरह फेल हो गया है। बजट का बहाना बनाकर अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ रहे हैं और प्रशासन की इस नाकामी का सीधा खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।

### भुगतान अटका, तारबंदी भी नहीं की - ट्रैक्टर मालिक की खरी-खरी:

ट्रैक्टर मालिक राजा राम मीणा ने पंचायत के दावों की पोल खोलते हुए बताया कि कचरा डालने को लेकर पहले भी विवाद हुआ था।

राजाराम ने कहा, ‘मैंने सरपंच साहब और सचिव को साफ कहा था कि कचरा डालने वाली जगह पर तारबंदी करवा दो, ताकि जानवर अंदर न जा सकें। लेकिन उन्होंने कुछ नहीं किया। खबर छपने के बाद भी कोई एक्शन नहीं लिया गया। मेरा ट्रैक्टर पिछले 5 महीने से 17,000 रुपये प्रतिमाह के हिसाब से चल रहा है, लेकिन पंचायत ने अब तक मुझे सिर्फ 20,000 रुपये का ही भुगतान किया है। मैंने सरपंच को पूर्व सूचना देकर ही ट्रैक्टर बंद किया है। ‘

### खबर का असर और पंचायत की पोल, जिम्मेदारों के बोल बनाम हकीकत

मुद्दाः 23 मार्च को ‘स्मार्ट हलचल’ ने पॉलीथिन खाने से गायों की मौत का मुद्दा उठाया था। पंचायत का एक्शनः डंपिंग यार्ड पर तारबंदी करवाने के बजाय, कचरा उठाने वाला ट्रैक्टर ही हटा दिया। ट्रैक्टर मालिक का दर्दः 5 महीने काम किया, 85 हजार के बिल में से सिर्फ 20 हजार का भुगतान मिला। सरपंच का हालः गांव के विकास की कमान सरपंच के बजाय उनके ‘बेटे’ के हाथ में होने के संकेत। सचिव की लापरवाहीः गांव में सफाई व्यवस्था ठप है और सचिव को इसकी भनक तक नहीं।

### जिम्मेदारों के गैर-जिम्मेदाराना और हास्यास्पद जवाब:

जब इस गंभीर मुद्दे पर ‘स्मार्ट हलचल’ ने जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से बात की, तो उनके जवाब यह बताने के लिए काफी थे कि पंचायत भगवान भरोसे चल रही हैः

**‘बेटे से पूछकर बताऊंगा’ - कालू बलाई (सरपंच, खजूरी):** जब सरपंच से ट्रैक्टर बंद होने का कारण पूछा गया, तो उन्होंने कहा, ‘मुझे तो कल ही पता चला है। मैं अपने बेटे मुकेश से पूछूंगा और सचिव से बात करके दिन में बताऊंगा कि कचरा ले जाने वाला ट्रैक्टर क्यों बंद किया गया है।’ (एक निर्वाचित सरपंच का पंचायत के काम के लिए बेटे पर निर्भर होना कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाता है)।

**‘मुझे मालूम नहीं’ - सियाराम मीणा (ग्राम विकास अधिकारी / सचिव, खजूरी):** पंचायत सचिव सियाराम मीणा ने अपनी जिम्मेदारी से बचते हुए रटा-रटाया जवाब दिया, ‘मुझे इस बारे में कुछ भी मालूम नहीं है। मैं कल गांव आऊंगा, तब पता करके बताऊंगा। ‘


### जनता में भारी आक्रोश:

समस्या का समाधान करने के बजाय काम बंद कर देने से खजूरी के ग्रामीणों में भारी रोष है। जनता का सवाल है कि जिस सरपंच और सचिव को गांव की बुनियादी सुविधाओं के बंद होने की खबर तक नहीं है, वे पंचायत का विकास क्या करेंगे? आम आदमी अपनी पीड़ा लेकर आखिर किस चौखट पर जाए?

# हनुमान जन्मोत्सव पर भीलवाड़ा में विशाल रक्तदान शिविर 29 मार्च को

**पीपलेश्वर महादेव मंदिर में बैठक, 1 से 2 अप्रैल तक अखंड रामायण पाठ व महाप्रसाद का आयोजन; समितियां गठित, कार्यकर्ताओं में उत्साह**

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा।** हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में श्री महावीर हनुमान सेवा संस्थान द्वारा शहर में विभिन्न धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में संस्थान की बैठक पीपलेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित हुई, जिसमें सर्वसम्मति से उत्सव को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया।

संस्थान के प्रचार-प्रसार मंत्री कृष्णगोपाल शर्मा ने बताया कि 29 मार्च को गांधी वाटिका, सेशन कोर्ट रोड पर विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही 1 अप्रैल की सुबह विद्वान पंडितों के सान्निध्य में अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ होगा, जिसका समापन 2 अप्रैल को महाप्रसाद वितरण के साथ किया जाएगा।

संस्थान के सचिव परमेश्वर शर्मा ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव पर इस बार भव्य आयोजन की तैयारी की जा रही है। कार्यक्रमों के सफल संचालन के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है और कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है।

बैठक में संस्थान के अध्यक्ष राजेन्द्र मुंदड़ा सहित धनराज जाजू, संजय झंवर, राजेश सिंहाग, ओमप्रकाश शर्मा, श्रवण शर्मा, मुकेश अग्रवाल, संजय निर्मल, छोटू सिंह भाटी, युवराज, धर्मवीर पुनिया, हरीश गंधर्व, दीपक शर्मा, कमलेश जागेटिया, योगेश दधीच, पंकज अग्रवाल, सुनील कोठारी सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# जिला अस्पताल में एंबुलेंस चालकों की खुलेआम गुंडागर्दी, मरीज के परिजन के साथ की मारपीट, वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा।** जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल महात्मा गांधी चिकित्सालय में एक बार फिर अव्यवस्थाओं और दबंगई का मामला सामने आया है। अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड के बाहर निजी एम्बुलेंस चालकों द्वारा मरीज के परिजनों से मारपीट और बदसलूकी का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार, एक महिला मरीज की हालत गंभीर होने पर उसे उदयपुर हायर सेंटर रेफर किया गया था। इसी दौरान निजी एम्बुलेंस चालक आनंद शर्मा उर्फ आलिया और दीपक शर्मा मरीज के परिजनों से किराया तय करने लगे।

### मनमाना किराया वसूली का आरोप

आरोप है कि मनमाना किराया मांगने को लेकर कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। वायरल वीडियो में दोनों चालक परिजनों के साथ सरेआम हाथापाई करते और अभद्र भाषा का प्रयोग करते नजर आ रहे हैं। यहां तक कि उन्होंने पुलिस के खिलाफ भी अपशब्द कहे।

### घटनाक्रम को लोगो ने किया मोबाइल में कैद

घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने पूरा घटनाक्रम अपने मोबाइल में कैद कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आते ही पुलिस हरकत में आई और दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### नही रुक रही एंबुलेंस चालको की दबंगई

स्थानीय लोगों का आरोप है कि अस्पताल के बाहर पिछले काफी समय से निजी एम्बुलेंस चालकों की दबंगई बढ़ती जा रही है। वे मरीजों और उनके परिजनों से मनमाना किराया वसूलते हैं और विरोध करने पर बदसलूकी तक उतर आते हैं। लगातार शिकायतों के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से आमजन में रोष है।

### पूर्व में भी पुलिसकर्मी के साथ बदसलूकी का वीडियो हुआ था वायरल

गौरतलब है कि इससे पहले भी एक आरोपी एम्बुलेंस चालक का भीमगंज थाने के पुलिसकर्मी से बदसलूकी का वीडियो सामने आ चुका है। इसके बावजूद सख्त कार्रवाई नहीं होने से इनके हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं।

**पुलिस और प्रशासन लेंगे कुछ एक्शन या फिर.....**अब देखना होगा कि इस बार पुलिस और प्रशासन इस मामले में कितनी सख्ती दिखाते हैं और अस्पताल परिसर में व्यवस्था सुधारने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं ।


# भीलवाड़ा एएनटीएफ की बड़ी कार्रवाई, चाय की थड़ी की आड़ में नशे का व्यापार, एमडीएमए के साथ एक गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल|पुनित चपलोत

**भीलवाड़ा।** जिले में नशे के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चाय की थड़ी की आड़ में चल रहे मादक पदार्थों के कारोबार का भंडाफोड़ किया है। टीम ने मौके से एक संचालक को रंगे हाथों गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एमडीएमए बरामद किया है।

### मुखबिर की सूचना पर दबिश, रंगे हाथों पकड़ाया आरोपी

एएनटीएफ को सूचना मिली थी कि पुर रोड स्थित प्रतापनगर पुलिस चौकी के पास जलदाय विभाग की दीवार के समीप एक चाय की थड़ी पर नशे का कारोबार संचालित हो रहा है। इस पर एएनटीएफ टीम ने प्रतापनगर पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए लेबर कॉलोनी निवासी पूरण (45) पुत्र नारायण भांबी की थड़ी पर दबिश दी। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से छह ग्राम एमडीएमए बरामद हुई, जिसके बाद उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया।



### डॉग स्क्वायड के साथ सघन सर्च, कई ठिकानों पर छापे

कार्रवाई के बाद एएनटीएफ टीम ने जिले में संभावित नशा तस्करों के ठिकानों पर भी शिकंजा कसते हुए सघन सर्च अभियान चलाया। चौकी प्रभारी अयुब खां के नेतृत्व में डॉग स्क्वायड ‘प्रिंस’ की मदद से कावांखेड़ा कच्ची बस्ती, मोहम्मदी कॉलोनी और हाईवे किनारे ढाबों सहित कई स्थानों पर तलाशी ली गई, हालांकि अन्य जगहों पर कोई संदिग्ध सामग्री नहीं मिली।

एएनटीएफ के आईजी विकास कुमार के निर्देशन में जिलेभर में नशा तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में यह कार्रवाई की गई है, जिससे अवैध मादक पदार्थों के कारोबार में लिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है।

### सप्लाई चेन खंगालने में जुटी पुलिस

पुलिस अब गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर एमडीएमए की सप्लाई चेन और इससे जुड़े अन्य तस्करों के नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही इस मामले में और बड़े खुलासे हो सकते हैं।

# ऑटो में नशे की तस्करी, 19 किलो डोडा चूरा के साथ एक गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा



शक्करगढ़ थाना पुलिस ने ऑटो से 19 किलो 900 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा जप्त कर अवैध डोडा चुरा परिवहन करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया साथ ही वाहन ऑटो को जप्त करते हुए आरोपी राजेन्द्र वैष्णव को गिरफतार कर लिया । एसपी धर्मेन्द्र सिंह द्वारा जिले में अवैध मादक पदार्थो की रोकथाम एवं कार्यवाही करने के लिए राजेश कुमार आर्य अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शाहपुरा को निर्देशित किया । जहाजपुर वृताधिकारी रेवडमल मौर्य वृत जहाजपुर के सुपरविजन मे विशेष टीम गठित की । जिसका नेतृत्व पुरणमल थानाधिकारी थाना शक्करगढ ने किया । पुलिस के अनुसार दिनांक 25.03.2026 को थाना प्रभारी पुरणमल मय जाप्ता के साथ गश्त पर थे तभी लाल का खेडा टोल के पास एनएच 148-डी पर पहुंचे जहां रोड पर एक ऑटो के चालक को रोकने का प्रयास किया जो पुलिस वाहन को देखकर भागने लगा जो संदिग्ध होने से एसएचओ मय जाप्ते द्वारा पिछा करते हुये उक्त ऑटो के चालक को पकडा तथा चैक किया जिसमे अवेध मादक पदार्थ डोडा चूरा भरा हुआ था। ऑटो मे अवैध डोडा चुरा ले जाते हुए आरोपी राजेन्द्र पिता बंशीलाल वैष्णव उम्र 31 साल निवासी मोहनपुरा थाना शक्करगढ जिला भीलवाडा को गिरफतार किया गया व ऑटो से 19 किलो 900 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा जप्त कर एन.डी.पी.एस एक्ट में मामला दर्ज किया गया।गठित पुलिस टीम में ताराचन्द सउनि थाना शक्करगढ, एचसी सियाराम, योगेश कल्याण, सुरेश, गजवीर शामिल थे।

# कार से 50 किलो अवैध डोडा पोस्त बरामद, दो गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा



रायला पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ लगातार चोथी कार्यवाही करते हुए स्विफ्ट कार से 50 किलो 350 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त बरामद कर 2 तस्कर को गिरफ्तार किया है । एसपी धर्मेन्द्र सिंह के आदेश पर अवैध मादक पदार्थो की तस्करी की रोकथाम के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है । अभियान के तहत् एएसपी शाहपुरा राजेश आर्य के निर्देशन व गुलाबपुरा वृताधिकारी जितेन्द्र सिंह के निकटतम सुपरविजन मे रायला थाना प्रभारी मुलचंद वर्मा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए एक स्वीफ्ट कार से 50 किलो 350 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त बरामद किया गया है । दिनांक 26.3.2026 को थानाधिकारी मुलचंद वर्मा व टीम के साथ रायला के सामने भीलवाडा से गुलाबपुरा जाने वाली रोड पर नाकाबंदी कर वाहन चैकिग शुरू की इस दौरान भीलवाडा की तरफ से एक कार स्विफ्ट आई जिसको रोका गया व चैक किया तो कार मे दो व्यक्ति बैठे हुये थे जिनका नाम पता पूछने पर अपने-अपने नाम देवाराम पुत्र बुद्धा राम जाट उम्र 22 साल निवासी बिंचावा पुलिस थाना खुनखुना जिला डिडवाना कुचामन और प्रीतमपुरी पुत्र ओमपुरी गोस्वामी उम्र 26 साल निवासी भण्डारी पुलिस थाना खुनखुना जिला डिडवाना कुचामन होना बताया । उक्त स्विफ्ट कार की तलाशी ली गई तो कार मे ड्राईवर सीट व खलासी सीट के पीछे बीच मे एक सफेद कपडे का बोरा नजर आया तथा कार की डिग्गी मे एक काले रंग का प्लास्टीक का कटटा डोडा पोस्त से भरे हुये मिले जिनका कुल वजन 50 किलो 350 ग्राम हुआ तस्करी मे प्रयुक्त कार को जब्त किया गया। इस कार्यवाही पर मामला एनडीपीएस एक्ट मे दर्ज किया और अग्रिम अनुसंधान आयुष श्रोत्रिया आईपीएस प्रषिक्षु थानाधिकारी पुलिस थाना माण्डल के जिम्मे किया गया है। गिरफ्तार शुदा आरोपियों से अवैध मादक पदार्थो की खरीद फरोख्त के संबंध मे पूछताछ जारी है । गठित पुलिस टीम में कांस्टेबल श्याम सुन्दर, राजेश, विक्रम, बनवारी लाल शामिल थे।

# अवैध बजरी खनन पर डीएसटी की बड़ी कार्रवाई, तीन डंपर व एक जेसीबी मशीन जप्त



स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** सवाईपुर क्षेत्र के जीवा का खेड़ा गांव के पास गुरुवार अल सुबह जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिला स्पेशल टीम ने अवैध बजरी खनन पर कार्रवाई करते हुए तीन डंपर और एक जेसीबी मशीन को जप्त किया । सूचना पर बड़लियास थाना पुलिस मौके पर पहुंची । डीएसटी टीम ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव के निर्देशन में डीएसटी टीम ने गुरुवार सुबह बड़लियास थाना क्षेत्र के जीवा का खेड़ा गांव के पास दबिश दी, जहां से जीवा का खेड़ा गांव के पास डीएसटी टीम ने अवैध बजरी खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन डंपर और एक जेसीबी मशीन को जप्त किया । डीएसटी टीम के द्वारा बड़लियास थाना क्षेत्र में चार दिन में ये तीसरी कार्रवाई रही । इस कार्रवाई से क्षेत्र के बजरी माफियों में हड़कंप सा मच गया।

# लालबाई फूलबाई माता रानी के जागरण में झूमे भक्त

स्मार्ट हलचल



**आकोला।** बरूनंदनी लालबाई फूलबाई माता रानी मंदिर पर बुधवार रात्रि को सप्तमी का जागरण किया गया जिसमें मातारानी का विशेष श्रृंगार किया गया व नो बजे श्री राम जन्मोत्सव मनाया श्री राम चित्र पर दीप प्रज्जलित कर श्री राम व मातारानी की वेद विद्यालय के वेद बालकों द्वारा महाआरती कि गयी और हनुमान चालीसा पाठ श्री राम स्तुति विजय महामंत्र श्री राम जय राम जय जय राम का उद्घोष किया गया प्रसाद वितरण किया गया फिर रात मातारानी का जागरण चला जागरण में समस्त ग्रामवासी व विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता माता बहने मातारानी के चरणों में नृत्य कर भाव विभोर हो गयी भजनों की प्रस्तुति सोहन नाथ जी राजनाथ जी दी थी माता रानी के पुजारी रामसुख प्रजापत व भोजा भैरू लाल गाडरी समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

# गुलाबपुरा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात व्यक्ति की मौत

## शव की नहीं हो पाई पहचान

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** गुलाबपुरा रेलवे स्टेशन के पास एक अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। जीआरपी पुलिस ने शव को राजकीय चिकित्सालय की मोर्चरी में सुरक्षित रखवाकर पहचान के प्रयास शुरु किये, लेकिन अब तक मृतक के परिजनों का पता नहीं चल पाया है।

जीआरपी चौकी प्रभारी खलील अहमद ने बताया कि मंगलवार 24 मार्च को गुलाबपुरा रेलवे स्टेशन के किलोमीटर संख्या 67/ 19.20 के मध्य एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने की सूचना मिली थी। सूचना पर जीआरपी चौकी प्रभारी खलील अहमद मय टीम मौके पर पहुँचे। घटनास्थल का जायजा लेने पर पाया गया कि मृतक किसी अज्ञात ट्रेन की चपेट में आ गया था, जिससे उसके सिर और शरीर पर गहरे घाव हो गए थे और दोनों पैर टूट चुके थे।

मृतक की उम्र करीब 40 वर्ष है। रंग सांवला और कद लगभग 5 फीट है। उसने सलेटी रंग की पेंट और सफेद धारीदार शर्ट पहन रखी थी। शरीर दुबला. पतला है और सिर के बालए दाढ़ी व मूंछें बढ़ी हुई हैं।

### शुक्रवार को होगा पोस्टमार्टम

चौकी प्रभारी का कहना है कि मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। शव की पहचान नहीं होने पर शव का शुक्रवार को पोस्टमार्टम करवाने के बाद अंतिम संस्कार करवाया जायेगा। फिल्हाल पुलिस ने मृग दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# जब हम खुद प्रशासन का स्पोर्ट नहीं करेंगे तो औरों से क्या उम्मीद रखें?

स्मार्ट हलचल|राजेश जीनगर



**भीलवाड़ा।** गुरुवार को देरशाम अजमेर तिराहे पर अतिक्रमण के मामले में ट्रेफिक पुलिस व एक भाजपा नेता के बीच हुई तीखी नोंकझोंक चौराहे पर चर्चा बनकर रह गई की जब हम प्रशासन को स्पोर्ट नहीं करेंगे तो औरों से क्या उम्मीद रखें। जबकी नगर निगम, युआईटी और जिला प्रशासन अतिक्रमण के खिलाफ धमाकेदार कार्यवाही कर रहा है। हांलांकि चर्चा तो यह भी है की नगर निगम में काबिज होते ही भाजपा के बोर्ड को शहर के अतिक्रमण को गंभीरता से लेना चाहिए था। सभापति से महापौर तक का सफर तय करने वाले राकेश पाठक, पक्ष व विपक्ष के पार्षदों ने अतिक्रमण को लेकर कोई गंभीरता क्यों नहीं दिखाई। भाजपा बोर्ड का कार्यकाल समाप्त होते ही जिला प्रशासन व नगर निगम हरकत में क्यों आया और एक पखवाड़े के भीतर ही शहर के अतिक्रमण को विरोध के बावजूद भी पीले पंजे से क्यों नाप दिया और आखिर में व्यापारियों का समर्थन क्यों मिला। क्योंकि पिछले काफी वर्षो से अतिक्रमण शहर में नासुर बन चुका था, जिससे शहर में चौपहिया वाहन लेकर निकलना किसी चुनौती से कम नहीं था।

अब आते हैं, अजमेर तिराहे के मुद्दे पर जहां नगर विकास न्यास ने पिछले दिनों कियोस्क को धराशाई कर यहां से अतिक्रमण को हमेशा के लिए खत्म कर दिया। लेकिन बावजूद इसके चाट पकौड़ी के थेले घुसते घुसाते बार बार रोड तक आ धमकते हैं। इसी को लेकर आज शाम ट्रेफिक पुलिस द्वारा इनको पुनः अतिक्रमण नहीं करने की हिदायत दी जा रही थी। इस दौरान यहां मौजूद एक भाजपा के नेताजी ने ट्रेफिक वालों को कानून कायदा सिखाते हुए कह दिया की नियम सबके लिए एक रखो, यहां सिर्फ एक हाथ ठैले वाले को परेशान करने की आवश्यकता नहीं है।

नेताजी यही नहीं रूके, आगे भी बहुत कुछ बोले और तीखी नोंकझोंक भी हुई। इस बीच सवाल यह उठता है की नेताजी को तो प्रशासन का और सहयोग करते हुए अतिक्रमियों को सिमित दायरे में रहने की सीख देनी चाहिए। जिससे की दुबारा अतिक्रमण नहीं हो और चौराहे की व्यवस्था नहीं बिगड़े।

खैर, अब नेताजी को कौन समझाए की अधिकारी तो पराए है, आज है कल नहीं है, लेकिन शहर तो अपना है और इसे सुंदर बनाए रखने की जिम्मेदारी भी अपनी ही है ...???

# एलपीजी सिलेंडर की कालाबाजारी एवं जमाखोरी की शिकायत अब ‘112’ पर

**शिकायत हेल्पलाइन नम्बर ‘‘112‘‘ पर दर्ज कराए**

स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा



अगर आपको कही भी एलपीजी गैस सिलेंडर की कालाबाजारी एवं जमाखोरी दिखाई पड़ती है तो आप इसकी शिकायत तुरंत 121 नंबर पर दर्ज करवा सकते है पुलिस प्रशासन द्वारा एलपीजी गैस सिलेंडर की कालाबाजारी व अवैध भण्डारण करने वालों के विरूद्ध कडी कार्यवाही की जाएगी । इसके लिए एसपी यादव ने समस्त थानाधिकारियों को एलपीजी गैस सिलेंडर की कालाबाजारी व अवैध भण्डारण की शिकायत पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए है । एसपी धर्मेन्द्र सिंह द्वारा एलपीजी गैस सिलेंडर की कालाबाजारी व अवैध भण्डारण की रोकथाम व उन पर कार्यवाही हेतु जिले मे थानाधिकारियों को सख्ती से निपटने एवं त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है जिसके फलस्वरूप पुलिस थाना काछोला एवं रायपुर में एलपीजी गैस सिलेन्डर की कालाबाजारी व अवैध भण्डारण की सूचना पर कार्यवाही की गई है। आमजन से अपील है कि वे गैस सिलेन्डर सम्बंधी कालाबाजारी, अवैध भण्डारण व बिक्री मे गडबडी या अन्य षिकायत हो तो हेल्पलाईन नम्बर ‘‘112‘‘ पर सूचना देवे, आमजन की सूचना पर तुरन्त कार्यवाही की जायेगी तथा आमजन से की अपील है कि एलपीजी गैस की किल्लत सम्बंधी अपवाहो पर ध्यान नही देवें।

# जोगणिया माता में महारात्रि जागरण अष्टमी पर लाखों श्रद्धालु रातभर दर्शन व प्रसिद्ध लोक कलाकारों द्वारा भजन संध्या

स्मार्ट हलचल

**लाडपुरा।** क्षेत्र के प्रसिद्ध और ऐतिहासिक आस्था के केंद्र जोगणिया माता शक्तिपीठ मंदिर परिक्षेत्र में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर भीलवाड़ा और चित्तौड़गढ़ की सीमा पर ऊपरमाल क्षेत्र की ऊँची पहाड़ियों में बेगूं के पास स्थित जोगणिया माता का प्राचीन और चमत्कारी शक्तिपीठ इन दिनों चैत्र नवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। लगभग 300 फीट ऊँची पहाड़ी पर स्थित इस मंदिर में नवरात्रि के दौरान लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुँच रहे हैं। गुरुवार को जोगणिया माता मंदिर में अष्टमी पर दर्शन के लिए लंबी कतारें देखी गईं। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया है, जिससे पूरा क्षेत्र भक्ति और उत्साह के माहौल से सराबोर नजर आ रहा है।

जोगणिया माता शक्तिपीठ संस्थान के अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी ने बताया कि चैत्र नवरात्रि के अवसर पर दूर-दराज से बड़ी संख्या





में श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुँच रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए संस्थान की ओर से दर्शन, पेयजल, सुरक्षा और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं ताकि भक्तों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। मंदिर में दुर्गाष्टमी के अवसर पर महारात्रि जागरण का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान पूरी रात माता के दर्शन की विशेष व्यवस्था की गई है। अनुमान है कि दुर्गाष्टमी के दिन और रात मिलाकर लाखो श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुँच सकते हैं।

वरिष्ठ पत्रकार शिव प्रसाद व्यास ने कहा कि पिछले कई दशकों में जोगणिया माता धाम का उल्लेखनीय विकास हुआ है। पहले यह क्षेत्र घने जंगलों से घिरा हुआ था, लेकिन समय के साथ यहाँ वेद पाठशाला, गौशाला विस्तार, श्री राम वाटिका, नवग्रह नक्षत्र वाटिका धर्मशालाएं, सीढ़ियां और सड़क जैसी कई सुविधाओं का विकास हुआ है। अब देश के विभिन्न राज्यों से श्रद्धालु यहाँ दर्शन के लिए पहुँच रहे हैं।

वहीं श्रद्धालु ने कहा कि दुर्गाष्टमी के अवसर पर वे हर साल अपने परिवार के साथ माता के दर्शन के लिए यहाँ आते हैं। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के बावजूद मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए बहुत अच्छी व्यवस्थाएं की गई हैं, जिससे दर्शन करने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही। नवरात्रि के इस पावन अवसर पर जोगणिया माता धाम में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ इस शक्तिपीठ की आस्था और महत्ता को एक बार फिर दर्शा रही है।

नवरात्र महोत्सव के दौरान प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। इसी क्रम में जोगणियां माता के सप्तमी को रासलील के स्थानीय कलाकारों द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई और कृष्णा इवेंट अनेकों झाकियां प्रस्तुत की भक्ति मय माहौल बन भक्त झूमे उठे। नवरात्र महोत्सव का समापन 27 मार्च को यज्ञ की पूर्णाहुति के साथ होगा। मेले के दौरान श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए झूले, चकरी तथा विभिन्न प्रकार की दुकानें सजाई गई।

# हमीरगढ़ थाने का एसपी ने किया वार्षिक निरीक्षण

**गार्ड ऑफ ऑनर से हुआ स्वागत, नियमित गश्त बढ़ाने के दिए निर्देश**



स्मार्ट हलचल

**मंगरोप।** जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह यादव गुरुवार को हमीरगढ़ थाने पहुंचे,जहां थाने में तैनात पुलिस बल ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानपूर्वक सलामी दी।इसके पश्चात एसपी यादव ने थाने का वार्षिक निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाने के विभिन्न अभिलेखों एवं रिकॉर्डों की गहनता से जांच की। उन्होंने रिकॉर्ड के संधारण एवं उनके अद्यतन स्थिति का बारीकी से अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।साथ ही थाना स्टाफ की उपस्थिति,वर्दी की सुव्यवस्था और अनुशासन का भी निरीक्षण किया गया।एसपी यादव ने पुलिस जवानों को ड्यूटी के प्रति सजग रहने और अनुशासन बनाए रखने के निर्देश देते हुए कहा कि पुलिस की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और जिम्मेदारी अत्यंत आवश्यक है।उन्होंने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाए रखने के लिए नियमित गश्त बढ़ाने,संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखने तथा आमजन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष जोर दिया।उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनता की सुरक्षा और उनका विश्वास बनाए रखना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है।इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी।निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया गया और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर थानाप्रभारी सुनील कुमार बेड़ा सहित समस्त थाना स्टाफ मौजूद रहा।

# बुराई में ही अच्छाई ढूंढने वाला सच्चा ही इंसान है - प्रणमय सागर महाराज



स्मार्ट हलचल

**बिजौलियाँ।** बिजोलिया 26 मार्च मनुष्य अच्छाई और ुराई के बीच में झूलता रहता है लेकिन बुराई में अच्छाई ढूंढने वाला सच्चा इंसान बन सकता है। यह विचार दिगंबर जैन मुनि प्रणमय सागर महाराज ने दिगंबर जैन बड़ा मंदिर बिजोलिया में धर्म सभा में कहे आज की पीढ़ी को धर्म की बात जल्दी से समझ में नहीं आती है उसको समझ।ने के लिए उसके अनुकूल माध्यम को ध्यान रखकर उसे सही दिशा में मोड़ा जा सकता है

मुनि संघ बिजोलिया तीर्थ क्षेत्र से पैदल विहार करते हुए गांव में पहुंचे जहां पर जगह-जगह मुनि श्री की पद्रक्षालन करके अगवानी की गई

धर्म सभा में सकल दिगंबर जैन समाज के लाभचंद जैन अनिल गोधा मुकेश सोनी वर्धमान जैन मनोज ठग ने दी प्रज्वलन करके धर्म सभा का शुभारंभ किया सुमित सेठिया द्वारा आचार्य के संगीत के साथ अरग चढ़ाए गए। कल शुक्रवार को प्रातः 7:30 बजे राज भवानी वाटिका में मुनि संघ के निर्देशन में अर्हम योग शिविर लगाया जा रहा है।

# पंजाब के दो तस्करों को संयुक्त टीम ने दबोचा, ओवर स्पीड कार डिवाइडर से टकराई, पुलिस ने तलाशी ली तो पकड़ा डोडाचूरा

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

अवैध मादक पदार्थ तस्करी के विरूद्ध डीएसटी भीलवाडा एवं पुर थाना पुलिस ने प्रभावी कार्यवाही को अंजाम दिया है और 202.500 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा जप्त कर मादक पदार्थ की तस्करी कर रहे पंजाब निवासी दो आरोपियों को गिरफ्तार किया ओर एक हुण्डई वरना कार जप्त की । पुलिस इस मामले में आरोपी जसपाल सिंह रामदासीया व गुलजीत सिंह सांसी को दबोचा है । एसपी धर्मेन्द्र सिंह द्वारा अवैध मादक पदार्थ तस्करी व लोकल एवं स्पेशल एक्ट की प्रभावी कार्यवाही हेतु एएसपी मुख्यालय पारस जैन, बुधराज अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहाडा के निर्देशन में व मांडल वृताधिकारी राहुल जोशी के सुपरविजन में डीएसटी और पुलिस की संयुक्त टीम बनाई । पुर थाना अधिकारी कन्हैया लाल ने टीम का नेतृत्व किया ।

दिनांक 26.03.2026 को डीएसटी भीलवाडा से कांस्टेबल रमेश ने सूचना दी कि एनएच 48 पर हमीरगढ से मांडल जाने वाली लेन पर पुर पुलिया से आगे एक संदिग्ध हुण्डई वरना कार पंजाब पासिंग जो बहुत तेजगति में होने से गाडी हाईवे के डिवाइडर से टक्करा गई है जो क्षतिग्रस्त हालात मे है, तथा मादक पदार्थ होने की संभावना है, आदि सुचना पर थानाधिकारी कन्हैया लाल टीम के साथ मौके पर पहुंचे और कार्यवाही की गई तथा बिना लाईसेंस व परमिट के उक्त कार मे प्लास्टिक कट्टो मे परिवहन कर रहे 202.500 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा जप्त किया गया तथा दो आरोपियों को गिरफ्तार किया, एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू की ।

## गठित पुलिस टीम

कन्हैया लाल पुर थानाधिकारी, जमना लाल पंवार स.उ.नि., कांस्टेबल रमेश डीएसटी भीलवाडा (विशेष योगदान), घीसु लाल डीएसटी, महेन्द्र कुमार थाना पुर, मनोज कुमार चालक कांस्टेबल थाना पुर, विक्रम सिंह टीम में शामिल रहे ।

# मेवाड़ जाट महासभा सहाड़ा ने 10वीं टॉपर ईश्वर जाट का किया सम्मान



स्मार्ट हलचल

**सहाड़ा।** क्षेत्र के नयाखेड़ा गांव निवासी प्रतिभाशाली छात्र ईश्वर जाट ने कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र एवं समाज का नाम रोशन किया है। ईश्वर की इस उल्लेखनीय सफलता पर मेवाड़ जाट महासभा, सहाड़ा के पदाधिकारियों ने उसके निवास पर पहुंचकर सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

महासभा के पदाधिकारियों ने कहा कि ईश्वर जाट की मेहनत, लगन और अनुशासन अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। इतनी उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल कर उसने न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे जाट समाज और क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है।

इस अवसर पर समाज के लोगों ने ईश्वर की सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामीण परिवेश में रहकर इस तरह का परिणाम लाना बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने आशा जताई कि ईश्वर आगे भी इसी तरह मेहनत करता रहेगा और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगा।

कार्यक्रम के दौरान मेवाड़ जाट महासभा सहाड़ा के अध्यक्ष गेहरीलाल जाट, पूर्व अध्यक्ष शंकर लाल जाट, महामंत्री अरविंद कुमार जाट, एडवोकेट रामेश्वर लाल जाट एवं अध्यापक सत्यनारायण जाट सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने ईश्वर को सम्मानित कर उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# पोक्सो एक्ट के आरोपी को अदालत ने किया दोष मुक्त

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा




लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 तथा बालक अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम 2005 से जुड़ी विशेष न्यायालय के विद्वान न्यायाधीश बाल कृष्ण मिश्र ने सोमवार को अपना एक अहम निर्णय सुनाते हुए पोक्सो एक्ट के आरोपी को दोष मुक्त किया है ।

न्यायिक सूत्रों के अनुसार 10 जून 2024 को एक नाबालिक पीड़िता का अपहरण कर दुष्कर्म करने का मामला थाना कराई भीलवाड़ा में अपराध अंतर्गत धारा 137 (2) व 96 बीएनएस के तहत दर्ज किया गया जिसमें जांच अधिकारी ने अनुसंधान कर 1 मार्च 2025 को आरोप पत्र दाखिल कर आरोपी घीसू लाल उर्फ बबलू पुत्र बकसू बैरवा उम्र 21 को गिरफ्तार किया था ।

विशेष न्यायालय ने प्रकरण की त्वरित सुनवाई कर गत 23 मार्च सोमवार को अपना निर्णय सुनाते हुए नाबालिक पीड़िता की उम्र को प्रमाणित नहीं माना और प्रस्तुत दस्तावेजों एवं बयानों से पाया कि पीड़िता अभियुक्त के साथ चार-पांच महीने स्वेच्छा से साथ रही और इस बीच आपसी सहमति से शारीरिक संबंध स्थापित किये जाने से अभियुक्त को बलात्कार के लिए उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता इस मामले में पीड़िता का नाबालिग होना अभियोजन पक्ष साक्ष्य से सिद्ध नहीं कर पाया इसलिए अदालत ने अभियुक्त का यह कृत्य लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 3/4 (2) व 5(एल) 6 के तहत आवेष्ठित नहीं होता है।

इसलिए अदालत ने अपने निर्णय में अभियुक्त घीसू लाल को दोष मुक्त किया और पीड़िता को पुनर्वास हेतु दिलाया जाने वाले प्रतिकार की स्थिति प्रकट नहीं होने से पीड़िता के संबंध में प्रतिकार की राशि के अवधारणा की मांग को भी खारिज कर दिया है ।

अभियुक्त की ओर से दमदार पैरवी अधिवक्ता मंजूर मोहम्मद नीलगर एवं फारूक अहमद डायर ने की जिसमे विशेष सहयोगी उमर मोहम्मद नीलगर रहे तथा पीड़ित पक्ष के लिए राज्य की ओर से विद्वान विशेष लोक अभियोजक धर्मवीर सिंह कानावत ने अपना पक्ष रखा।

# एससी मोर्चा प्रदेश मंत्री बनने पर रोशन मेघवंशी का भव्य अभिनंदन



स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

भारतीय जनता पार्टी, राजस्थान के अनुसूचित जाति (एससी) मोर्चा के प्रदेश मंत्री पद पर नियुक्त होने पर श्री रोशन जी मेघवंशी का शहर में गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों एवं पदाधिकारियों ने श्री मेघवंशी को साफा पहनाकर, उपरणा पहनाकर, पुष्पगुच्छ एवं पुष्पमालाएं अर्पित कर सम्मानित किया। स्वागत समारोह में वक्ताओं ने कहा कि यह नियुक्ति न केवल श्री मेघवंशी के समर्पण, संघर्ष और संगठन के प्रति उनकी निष्ठा का परिणाम है, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय भी है।

वक्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि श्री मेघवंशी अपने नए दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं सक्रियता के साथ करते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे तथा समाज के सभी वर्गों के हितों की प्रभावी पैरवी करेंगे।

इस अवसर पर देवेंद्र डाणी, अंकित सोमानी, हर्ष राठी, त्रिदेव मूंदड़ा, हर्षिल नागोरी, आशीष शाह, शंभू मूंदड़ा, सोनू (आशीष) अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का वातावरण उत्साह, एकजुटता एवं संगठन के प्रति समर्पण भाव से ओत-प्रोत रहा।

# धार्मिक नगरी नाथद्वारा ने रचा आस्था का नया इतिहास, 131 फीट ऊंची 'श्रीजी के हनुमानजी' प्रतिमा का हुआ भव्य उद्घाटन

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

मेवाड़ की पावन धार्मिक नगरी नाथद्वारा में गुरुवार को आस्था का एक नया इतिहास रचा गया । राम नवमी के पावन मौके पर गिरिराज पर्वत पर 131 फीट ऊंची 'श्रीजी के हनुमानजी' प्रतिमा का भव्य उद्घाटन हुआ. यह प्रतिमा जमीन से करीब 500 फीट ऊंचे दुर्गम पर्वत शिखर पर स्थापित की गई है, जिससे इसकी कुल ऊंचाई 631 फीट तक पहुंच जाती है.इस प्रतिमा की खास बात यह है कि यहां तक पहुंचने के लिए कोई मोटर मार्ग नहीं है.श्रद्धालुओं



को पैदल ही दुर्गम रास्ता तय करना होगा, जो इस स्थल को और भी आध्यात्मिक और चुनौतीपूर्ण बनाता है.उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और संत-महात्मा पहुंचे और नवस्थापित बालाजी की प्रतिमा के दर्शन किए । इस भव्य प्रतिमा के निर्माण के पीछे मुंबई के उद्योगपति का संकल्प और समर्पण है। करीब साढ़े तीन वर्षों में तैयार हुई यह प्रतिमा उनके दृढ़ विश्वास और आस्था का प्रतीक मानी जा रही है । वहीं, प्रतिमा को प्रसिद्ध मूर्तिकार नरेश कुमावत ने साकार रूप दिया है । प्रतिमा में हनुमानजी को विनम्र मुद्रा में हाथ जोड़े हुए दर्शाया गया है, जो भक्ति और सेवा भाव का प्रतीक है । खास बात यह भी है कि प्रतिमा का मुख श्रीनाथजी मंदिर की ओर है, जो भगवान श्रीनाथजी के प्रति उनके समर्पण और रक्षक रूप को दर्शाता है । इस पूरे प्रोजेक्ट को पूज्य इंद्रदमन जी महाराज की प्रेरणा और विशाल बाबासाहब के आशीर्वाद से पूरा किया गया है । साधु-संतों के मार्गदर्शन में यह कार्य धार्मिक आस्था का केंद्र बन गया है । इंजीनियरिंग के लिहाज से भी यह प्रतिमा किसी चमत्कार से कम नहीं है. निर्माण के दौरान प्रकृति संरक्षण का पूरा ध्यान रखा गया. पर्वत की प्राकृतिक संरचना से बिना छेड़छाड़ किए भारी सामग्री को ऊपर पहुंचाने के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया गया।

# गंगापुर में रामनवमी के अवसर पर विशाल शोभायात्रा निकाली

**आपरेशन सिंदूर की झांकी बनी आकर्षण का केंद्र**



स्मार्ट हलचल

**गंगापुर।** हिंदू समाज के तत्वाधान में श्री रामनवमी के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद ,बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी के द्वारा विशाल शोभा यात्रा निकाली गई । शोभायात्रा बावन भेरुनाथ मंदिर से प्रारंभ हुई जिसमें राम दरबार की झांकी सहित अनेक समाजों की झांकियां थी ,उनमें भी आपरेशन सिंदूर वाली झांकी महिलाओं और बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र रही । शोभायात्रा बस स्टैंड, भूत बावजी, सहाड़ा चौपाटी, मुख्य बाजार होते हुए कुंड चौक, ज्ञानजी का चौक, शिवरती दरवाजा, रेगर मोहल्ला, पंच तीर्थ बालाजी होते हुए ईलाजी के चौक के यहां संपन्न हुई । जहां थाना मंगरी स्थित हटीले हनुमान मंदिर के ऊपर विशाल भगवा पताका लगाई गई। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष जगदीश झंवर, विद्या प्रसाद जोशी, शोभा लाल जीनगर, घनश्याम सिंह राठौड़, राजकुमार सेन, कन्हैयालाल माली, विनोद पिछोलिया, दिनेश बाफना, दिनेश लक्षकार, शुभम शर्मा, विनोद पंचोली, पुष्पेंद्र सिंह चौहान, धर्मेंद्र गहलोत, बंटी, लक्की अग्रवाल,पुष्पराज प्रजापत, दया सैनी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अष्टमी पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, माँ दुर्गा के दरबार में गूंजे जयकारे

**यज्ञ-हवन, कन्या पूजन और प्रसादी में जुटे हजारों श्रद्धालु, सिंधी समाज के मंदिरों में दिनभर रहा भक्ति का माहौल**

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

चैत्र नवरात्रि की अष्टमी के पावन पर्व पर गुरुवार को भीलवाड़ा शहर पूरी तरह भक्ति और श्रद्धा के रंग में रंगा नजर आया। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और हर ओर 'जय माता दी' के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। सिंधी समाज के मीडिया प्रभारी मूलचंद बहरवानी ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर के विभिन्न प्रमुख मंदिरों में अष्टमी पर्व पर विशेष धार्मिक आयोजनों का आयोजन किया गया। सिंधु नगर स्थित श्री नवदुर्गा शक्ति मंदिर, वैभव नगर के दुर्गा माता मंदिर, गोकुलम विलाज के हिंगलाज माता मंदिर तथा खत्री कॉलोनी स्थित मंदिरों में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ यज्ञ-हवन और कन्या पूजन किया गया। इन आयोजनों में श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और भक्ति भाव से भाग लिया।

वहीं, शहर की शाम की सब्जी मंडी स्थित झूलेलाल मंदिर में 19 मार्च से चल रही घट स्थापना के आठवें दिन विशाल यज्ञ-हवन, पूजन और कन्या पूजन के बाद प्रसादी का भव्य आयोजन हुआ। इस दौरान मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल से सराबोर हो गया।



अष्टमी के इस विशेष अवसर पर शहर के विभिन्न स्थानों पर पांडाल सजाए गए, जहां दिनभर धार्मिक अनुष्ठान और भजन-कीर्तन का आयोजन चलता रहा। यज्ञ में आहुति देने के लिए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया। वहीं, प्रसादी वितरण और सेवा कार्यों में भी लोगों के बीच होड़ सी लगी रही, जिससे सेवा और समर्पण का अद्भुत दृश्य देखने को मिला।

कार्यक्रमों में समाज के कई गणमान्य नागरिकों और श्रद्धालुओं ने भाग लिया, जिनमें नारायण जेठानी, गोर्धन जेठानी, नानकराम जेठानी, महाराज बाबूलाल शर्मा, खेमचंद कान्जानी, हेमन भोजवानी, मोहन तुल्सियानी, सुरेश लहरानी, मनोहर लालवानी, दौलत सामतानी, सुषमा गुर्याणी, राजेश माखीजा, सतीश शर्मा, अमित वासुदेव शर्मा, ओम गुलाबानी, तुलसी निहालानी, कमल वैशनानी, गुलशन विधानी, हर्षिता विधानी, सुनीता तुल्सियानी, सुरेश भोजवानी, किशोर लखवानी, जय मोतियानी, चंद्र प्रकाश तुल्सानी, महेश खोतानी, राजेश थुरवानी, हेमन कोरानी, दयालदास और रिया बहरवानी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे। अष्टमी के इस पावन अवसर पर शहर का हर कोना भक्ति, आस्था और उल्लास से सराबोर दिखाई दिया। मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ ने यह साबित कर दिया कि माँ दुर्गा के प्रति लोगों की अटूट श्रद्धा आज भी वैसी ही बनी हुई है।

# रसद विभाग की कार्यवाहीः अवैध गैस रिफिलिंग और भंडारण पर छापा, 28 एलपीजी सिलेंडर जब्त

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** जिला प्रशासन और रसद विभाग ने अवैध एलपीजी कारोबार के खिलाफ अपनी कमर कस ली है। जिला कलेक्टर कमल राम मीणा के सख्त निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए, रसद विभाग की टीम ने गुरुवार को टुकड़ा गांव स्थित अल्ट्राटेक फैक्ट्री के पास छापेमारी कर कुल 28 एलपीजी गैस सिलेंडर जब्त किए हैं। यह कार्रवाई घरेलू सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग और अवैध भंडारण पर अंकुश लगाने के अभियान के तहत की गई।



प्रशासनिक घेराबंदी और कार्रवाई जिला रसद अधिकारी (छ्स्ङ्ग) अब्दुल सादिक के नेतृत्व में प्रवर्तन अधिकारी सोहन सिंह चौहान और प्रवर्तन निरीक्षक विक्रांत मधुरिया की टीम ने टुकड़ा गांव में तीन अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी। इस दौरान रसद विभाग को बड़ी सफलता मिलीः खुशबू जनरल स्टोर (सुनील प्रजापत): यहां से सर्वाधिक 17 अवैध एलपीजी सिलेंडर बरामद हुए। प्रकाश मेघवाल की दुकानः यहां से 02 सिलेंडर जब्त किए गए।

धर्मेंद्र की दुकानः यहां छापेमारी में 09 अवैध सिलेंडर पाए गए।

दस्तावेजों का अभाव और अवैध कारोबार जांच के दौरान पाया गया कि दुकानदारों के पास सिलेंडर थे, लेकिन उनके पास न तो कोई वैध बिल था और न ही कोई उपभोक्ता डायरी। इससे स्पष्ट हुआ कि ये दुकानदार अवैध रूप से एलपीजी की बिक्री का धंधा कर रहे थे।

जब्ती का विवरणः टीम ने कुल 09 घरेलू सिलेंडर (14.2 किग्रा), 02 वाणिज्यिक सिलेंडर (19 किग्रा व 5 किग्रा) और 17 अप्रमाणित सिलेंडर जब्त कर 'मैसर्स मनीष एचपी गैस, बलाड़ा' को सुपुर्दगी में दे दिए हैं।

कलेक्टर कोर्ट में चलेगा मुकदमा रसद विभाग ने बताया कि उक्त दुकानदारों ने एलपीजी आदेश 2000 के प्रावधानों का खुला उल्लंघन किया है। अब यह मामला आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत जिला कलेक्टर न्यायालय, ब्यावर के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा, जहां दोषियों पर भारी जुर्माना या कानूनी कार्रवाई हो सकती है।

विभाग की चेतावनी जिला रसद अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि गैस सिलेंडरों का दुरुपयोग और अवैध रिफिलिंग किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विभाग ने आम जनता से अपील की है कि वे गैस सिलेंडर का केवल वैध और सुरक्षित उपयोग करें।

# 18 महीने से फरार 10 हजार का ईनामी तस्कर त्रिलोकचंद गिरफ्तार

## बर पुलिस और सदर निम्बाहेड़ा टीम का संयुक्त ऑपरेशन; टॉप-10 अपराधियों की सूची में शामिल था आरोपी

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर/बर।** जिला पुलिस अधीक्षक रतनसिंह के निर्देशन में वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बर थाना पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के मामले में पिछले डेढ़ साल से फरार चल रहे 10,000 रुपये के ईनामी और थाना हाजा के टॉप-10 वांछितों में शामिल मुख्य आरोपी त्रिलोकचंद प्रजापत को गिरफ्तार कर लिया है।



### क्या है पूरा मामला?

जानकारी के अनुसार, 19 अक्टूबर 2024 को पुलिस थाना बर द्वारा झाला की चौकी पर नाकाबंदी की गई थी। इस दौरान एक स्विफ्ट कार से 46.390 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद किया गया था। मौके से अभियुक्त सुनील को गिरफ्तार किया गया था, जबकि आरोपी त्रिलोकचंद फरार हो गया था। इस मामले में पुलिस पूर्व में फरार आरोपी वीरेंद्र और अवैध डोडा पोस्त के खरीदार रवि उर्फ रविंद्र को पहले ही जेल भेज चुकी है।

### तकनीकी विश्लेषण से मिली लोकेशन

थानाधिकारी पन्नालाल (उप निरीक्षक) के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने आरोपी त्रिलोकचंद के बारे में सूचनाएं संकलित कीं। तकनीकी डाटा विश्लेषण और मुखबिर तंत्र की सहायता से पुलिस को आरोपी के चित्तौड़गढ़ जिले में होने की पुख्ता जानकारी मिली। इसके बाद बर पुलिस ने थाना सदर निम्बाहेड़ा पुलिस के सहयोग से घेराबंदी कर आरोपी को दस्तयाब किया।

नामः त्रिलोकचंद प्रजापत (34 वर्ष) पुत्र उदयलाल।

निवासीः चरलिया, हाल मेवासा (थाना सदर निम्बाहेड़ा, जिला चित्तौड़गढ़)।

आपराधिक रिकॉर्डः आरोपी पर पूर्व में थाना पुष्कर (अजमेर) और थाना गोगुन्दा (उदयपुर) में भी आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### सराहनीय भूमिका वाली टीमः

इस सफल कार्यवाही में पन्नालाल (थानाधिकारी बर), रामस्वरूप (कानि. 311), महिपाल (कानि. 543) और संजय शर्मा (थानाधिकारी सदर निम्बाहेड़ा) मय टीम की मुख्य भूमिका रही। यह पूरी कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र शर्मा और वृताधिकारी रायपुर बंशीलाल पाण्डर के सुपरविजन में संपन्न हुई।

# बीकानेर में 19वीं जूनियर राज्य स्तरीय वुशु प्रतियोगिता, भीलवाड़ा टीम रवाना



स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

बीकानेर शहर में 27 से 29 मार्च तक आयोजित होने वाली 19वीं जूनियर राज्य स्तरीय वुशु प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए भीलवाड़ा वुशु टीम रवाना हो गई है। टीम को भीलवाड़ा वासियों ने उत्साहपूर्वक विदाई देकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।


जिला वुशु संघ के सचिव नरेंद्र सिंह शक्तावत एवं टीम कोच अंकित नाथ योगी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में भीलवाड़ा की ओर से छात्र वर्ग में सूर्यप्रताप सिंह (48 किग्रा), सुरेश जाट (52 किग्रा), विक्रम सिंह (56 किग्रा) तथा विशाल योगी (60 किग्रा) भाग लेंगे और जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

टीम के साथ कोच अंकित नाथ योगी भी उपस्थित रहेंगे और खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों में उत्साह का माहौल है तथा बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई जा रही है।

# 130 साल पुरानी परंपराः श्री गोपाल जी मोहल्ला में सजी देवलोक की अलौकिक झांकियां

## जयपुर के प्रसिद्ध 'जिया बैंड' की धुनों पर 28 मार्च को होगी गणगौर की भव्य विदाई







स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** श्री गोपालजी मोहल्ला गणगौर समिति के तत्वाधान में 130 वर्षों से चली आ रही गौरवशाली परंपरा इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही है। मंदिर के बाहर आयोजित इस भव्य गणगौर मेले में प्रतिदिन सायं 7:00 बजे से उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ देवलोक की अलौकिक झांकियों के दर्शन कर अभिभूत हो रही है।

रामनवमी पर विशेष श्रृंगार मेले के छठे दिन ईसर-गणगौर की मुख्य प्रतिमा के साथ-साथ गणेशजी, बालाजी, बाबा रामदेवजी, कृष्ण-कामदेव, मां सरस्वती और शिव-शक्ति की प्रतिमाएं आकर्षण का केंद्र रहीं। विशेष रूप से रामनवमी के पावन पर्व पर भगवान श्रीराम और माता सीता की मनमोहक झांकी सजाई गई। समिति के अध्यक्ष शिवेंद्र जोशी और मीडिया प्रभारी नरेश शर्मा ने बताया कि इन प्राचीन प्रतिमाओं का अलौकिक श्रृंगार ऋषिराज सोनी, राजेश ठठेरा, जितेंद्र सोनी, उत्कर्ष शर्मा, आशीष जोशी, ईशान जोशी और मौलिक जोशी द्वारा बड़ी निपुणता से किया गया है।

कल होगा रात्रिजगा, शनिवार को भव्य बोलावानी समिति द्वारा आगामी 27 मार्च, शुक्रवार को हल्दी, मेहंदी और रात्रिजगा का पारंपरिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मेले का मुख्य आकर्षण 28 मार्च, शनिवार को होने वाली 'गणगौर बोलावानी' होगी। इस विदाई समारोह में जयपुर का सुप्रसिद्ध 'जिया बैंड' अपने 101 वाद्ययंत्रों की जादुई धुनों से पूरे क्षेत्र को गुंजायमान करेगा।

तैयारियों में जुटी समिति बोलावानी महोत्सव को ऐतिहासिक बनाने के लिए समिति के सदस्य संजय शर्मा, राजेंद्र सर्राफ, अशोक गोयल, बिपिन जोशी, राजेश सिंघल, संजय गर्ग, गणेश गोपाल शर्मा, गिरधारी अग्रवाल, अशोक मूंदड़ा सहित पूरी टीम को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। सभी सदस्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं ताकि श्रद्धालुओं को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े।

# गैस की कालाबाजारी पर कार्रवाई, 16 घरेलू व 2 कमर्शियल सिलेंडर जब्त



स्मार्ट हलचल | उदयपुर

देशव्यापी व्यावसायिक गैस सिलेण्डरों के उपयोग पर लगाई गई रोक के क्रम में गुरुवार को जिला रसद अधिकारी प्रथम, सुश्री सृष्टि डबास के निर्देशन में घरेलू गैस के व्यावसायिक उपयोग एवं अवैध रिफलिंग की रोकथाम हेतु कार्यवाही की गई। अवैध तरीके से एक सिलेण्डर से दूसरे सिलेंडर में गैस ट्रांसफर करने एवं कालाबाजारी की शिकायत पर प्रवर्तन अधिकारी गिर्वा डॉ. निशा मुन्दडा एवं प्रवर्तन अधिकारी (शहर) मानसी पण्ड्या द्वारा आरके सर्कल के पास पेट्रोल पम्प शिव कॉलोनी हॉकर एचपी गैस एजेंसी द्वारा एक घरेलू सिलेण्डर से कमर्शियल सिलेण्डर में गैस का ट्रासफर किया जा रहा था अतः मौके पर कुल 16 घरेलू 02 कमर्शियल एवं गैस ट्रासफर करने की बांसूरी जब्त की गई। जिला रसद अधिकारी द्वारा बताया गया कि उक्त कार्यवाहियों में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 में प्रकरण दर्ज किया जाकर प्रावधानों के आलोक में कार्यवाही की जायेगी।

# महंगाई के खिलाफ महिला कांग्रेस का हल्ला बोलः जयपुर में रसोई गैस की कीमतों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया





स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** जयपुर बढ़ती महंगाई और रसोई गैस के आसमान छूते दामों के खिलाफ राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। प्रदेश अध्यक्ष सारिका सिंह के नेतृत्व में जयपुर में आयोजित इस विशाल धरना-प्रदर्शन में प्रदेश भर की महिला कार्यकर्ताओं ने हुंकार भरी। प्रदर्शन में ब्यावर जिले से प्रदेश सचिव एवं चित्तौड़गढ़ प्रभारी एडवोकेट सुलक्षणा शर्मा ने शिरकत की और सरकार की नीतियों पर जमकर प्रहार किया।

'रसोई की आग अब आंदोलन बन चुकी है '

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि रसोई गैस के बढ़ते दामों और कमर्शियल सिलेंडर की किल्लत ने आम आदमी का जीना मुहाल कर दिया है। एडवोकेट सुलक्षणा शर्मा ने कहा कि महंगाई की सबसे बड़ी मार महिलाओं पर पड़ रही है, जिससे घरों का बजट पूरी तरह बिगड़ चुका है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ही कीमतों में कमी कर आमजन को राहत नहीं दी, तो यह लड़ाई हर घर तक पहुँचेगी और आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

मुख्य रूप से उपस्थित पदाधिकारी

इस विरोध प्रदर्शन में महिला कांग्रेस की एकजुटता देखने को मिली। धरने में मुख्य रूप से निम्नलिखित पदाधिकारी एवं सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुएः

प्रियंका चौधरी (प्रदेश उपाध्यक्ष), एडवोकेट सुलक्षणा शर्मा (प्रदेश सचिव एवं चित्तौड़गढ़ प्रभारी), रीमा चौधरी (प्रदेश सचिव), यशोदा राजपुरोहित (जिलाध्यक्ष, चित्तौड़गढ़ महिला कांग्रेस), रिक्की सिंह एवं वंदना शर्मा।

महिला कांग्रेस ने स्पष्ट संदेश दिया कि वे जनहित के मुद्दों पर पीछे हटने वाली नहीं हैं। कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतरकर 'महंगाई से नाता तोड़ो, जनता को राहत से जोड़ो' जैसे नारे लगाए। प्रदेश सचिव सुलक्षणा शर्मा ने कहा कि महिला कांग्रेस का यह संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक गैस सिलेंडर की कीमतों में प्रभावी कटौती नहीं की जाती।

# घाड़ में राम नवमी पर उमड़ा जनसैलाबः शोभायात्रा में गूंजे 'जय श्री राम' के नारों से गूंज उठा घाड़ कस्बा

स्मार्ट हलचल

**घाड़ (देवली), टोंक।** घाड़ कस्बे में राम नवमी के अवसर पर भगवान श्री राम का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। सुबह से ही पूरा कस्बा भक्तिमय माहौल में डूबा रहा।

शोभायात्रा के प्रति ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा गया। इसी के चलते सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक घाड़ का पूरा बाजार बंद रहा। व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद कर शोभायात्रा में सक्रिय रूप से भाग लिया, भगवान राम की अगवानी करते हुए नाचते-गाते हुए शामिल हुए।

शोभायात्रा का शुभारंभ घाड़ के पुराना बाजार स्थित बिहारी नाथ मंदिर से हुआ। गाजे-बाजे के साथ यह यात्रा मुख्य बाजार और खेड़ेश्वर महादेव मंदिर से होते हुए सीताराम मंदिर पहुँची। सीताराम मंदिर में महाआरती के साथ शोभायात्रा का विधिवत समापन किया गया। मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया।



श्रीराम प्रभात मंडली के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में आयुष सोनी, सौरभ भट्ट, शुभम शर्मा, केशव मुन्दडा, हरिओम पंचोली, क्रिस लक्षकार, विवेक भारद्वाज, नितेश भट्ट सहित अनेक ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। डीजे की धुनो और ढोल-नगाड़ों के साथ युवा और बुजुर्ग सभी राम भक्ति में लीन दिखाई दिए।

आयोजन के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। घाड़ थाना प्रभारी हरीराम वर्मा, एसआई जगदीश जाट और एसआई भैरू लाल जाट के नेतृत्व में घाड़ थाने का पूरा स्टाफ तैनात था। सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए दूनी थाने से भी अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया था, जिसके कारण पूरी शोभायात्रा शांतिपूर्ण और अनशासित ढंग से संपन्न हुई।

# 'संगठन बचाओ - संविधान बचाओ' सम्मेलन के लिए जिला कांग्रेस ने कसी कमर

## प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष जूली के आगमन को ऐतिहासिक बनाने की रणनीति तैयार; होटल श्री में संपन्न हुई महत्वपूर्ण जिला स्तरीय बैठक

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** जिले के नवगठन के बाद कांग्रेस संगठन अब अपनी पूरी ताकत धरातल पर दिखाने को तैयार है। आगामी जिला स्तरीय सम्मेलन 'संगठन बढ़ाओ - संविधान बचाओ' की तैयारियों को लेकर गुरुवार को स्थानीय होटल श्री में जिला कांग्रेस कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा एवं नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के प्रस्तावित ब्यावर प्रवास को लेकर व्यापक कार्ययोजना तैयार की गई।



### लोकतंत्र की रक्षा हमारा संकल्पः किशोर चौधरी

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष किशोर चौधरी ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों में देश के लोकतंत्र और संविधान की रक्षा करना कांग्रेस का प्राथमिक कर्तव्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ ब्यावर की धरती से संगठन की मजबूती का शंखनाद किया जाएगा। चौधरी ने आह्वान किया कि इस सम्मेलन को प्रदेश का सबसे बड़ा और सफल आयोजन बनाना ही प्रत्येक कार्यकर्ता का लक्ष्य होना चाहिए।

### नेताओं ने एकजुटता पर दिया जोर

बैठक में पूर्व विधायक राकेश पारीक, विधानसभा प्रत्याशी पारस पंच, और कपासन प्रभारी आशीषपाल पदावत सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने अपने विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि यह सम्मेलन केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि प्रदेश नेतृत्व को ब्यावर जिले की संगठनात्मक शक्ति का अहसास कराने का माध्यम बनेगा। बैठक में ब्लॉक, अग्रिम संगठनों, विभागों और प्रकोष्ठों के बीच समन्वय स्थापित कर जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

### रणनीति और मुख्य निर्णयः

सम्मेलन को भव्य बनाने के लिए बैठक में निम्नलिखित ठोस कदम उठाए गएः प्रबंधन कमेटियांः आवास, भोजन, यातायात और मंच व्यवस्था के लिए अलग-अलग कमेटियों का गठन। ब्लॉक स्तरीय जिम्मेदारीः जवाजा, मसूदा, भिनाय, बर और जैतारण के ब्लॉक अध्यक्षों को अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं को लाने का लक्ष्य दिया गया। डिजिटल कैंपेनः सोशल मीडिया के माध्यम से जिले के कोने-कोने तक सम्मेलन का संदेश पहुँचाने का निर्णय।

### प्रमुख पदाधिकारियों की उपस्थिति

बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष अजय शर्मा, भारत बाघमार, धर्म सिंह भाटी, सलीम बाबू, गिरधारी लाल गुर्जर सहित सेवादल, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस और अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक का सफल संचालन एडवोकेट अजय शर्मा ने किया और अंत में राष्ट्रगान के साथ सभा का समापन हुआ।

# राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पणदो विराटनगर में कार्यक्रम आयोजित



स्मार्ट हलचल

**विराटनगर।** विराट नगर विधानसभा क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पणदो विराटनगर में प्राचार्य डॉ. परमानंद शर्मा की अध्यक्षता में निशुल्क साइकिल वितरण समारोह का आयोजन किया गया समारोह में कक्षा 9 में अध्यनरत नव बालिकाओं को राज्य सरकार के आदेश अनुसार निशुल्क साइकिल वितरित की गई बालिकाओं के माता-पिता भी उपस्थित रहे तिलक लगाकर मिष्ठान के साथ साइकिल वितरण समारोह संपन्न हुआ प्राचार्य श्री शर्मा ने समारोह में राजस्थान सरकार द्वारा संचालित विद्यालय स्तरीय लाभकारी योजनाओं पर विशुद प्रकाश डाला समारोह में श्री जगदीश प्रसाद वर्मा श्री रवि कुमार मीणा श्री राम किशोर यादव श्री अमिताभ बैरवा श्री राजेश असवाल योगेश कुमार श्री लखन भारती श्री ताराचंद सैनी श्री राम जी लाल गुर्जर श्री यादवेंद्र मीणा आदि शिक्षक एवं गणमान्य महानुभव उपस्थित रहे भारत माता की उद्घोष के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# ब्यावर पुलिस का 'ऑपरेशन वज्र प्रहार': फिल्मी स्टाइल में पीछा कर पकड़े तस्कर; 1 क्विंटल डोडा-पोस्त और 40 ग्राम स्मैक बरामद

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** पुलिस मुख्यालय और आईजीपी अजमेर रेंज के निर्देशानुसार ब्यावर जिले में नशे के सौदागरों के खिलाफ चलाए जा रहे 'ऑपरेशन वज्र प्रहार' के तहत पुलिस को दो बड़ी सफलताएं हाथ लगी हैं। पुलिस ने नाकाबंदी तोड़कर भाग रहे तस्करों को घेरकर 100 किलो (1 क्विंटल) डोडा-पोस्त और शहर के छावनी इलाके से 40 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है। इस दौरान 2 लग्जरी वाहन जब्त कर कुल 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

### पुलिस को डराने के लिए गाड़ियों में रखे थे 5 खूंखार कुत्ते

जिला पुलिस अधीक्षक श्री रतन सिंह ने बताया कि थानाधिकारी बार, श्रीमती संजीदा बानो को मुखबिर से सूचना मिली



थी कि सफेद स्कॉर्पियो और काली थार में नशे की बड़ी खेप तस्करी की जा रही है।

पुलिस ने जब नाकाबंदी की, तो तस्करों ने बैरिकेड्स तोड़कर भागने का प्रयास किया। हैरानी की बात यह रही कि तस्करों ने पुलिस को भ्रमित करने और डराने के लिए गाड़ियों में 5 गोल्डन रिट्रीवर नस्ल के कुत्ते भी रखे हुए थे। थाना बार, जवाजा और साकेत नगर की पुलिस टीमों ने पीछा कर 'सदा भोज का बाडिया' गांव के पास घेराबंदी की और तीनों आरोपियों (श्यामबाई, कुलदीप सिंह और शशांक) को दबोच लिया। स्कॉर्पियो से 6 कट्टों में भरा 100 किलो डोडा-पोस्त बरामद हुआ, जबकि थार गाड़ी एस्कॉर्ट कर रही थी।

### ब्यावर सिटी में स्मैक की अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई


दूसरी बड़ी कार्रवाई ब्यावर सिटी थाना क्षेत्र में हुई। डिप्टी एसपी राजेश कसाना के सुपरविजन में थानाधिकारी आशुतोष पांडे की टीम ने छावनी क्षेत्र की सांसी बस्ती में दबिश दी। पुलिस ने यहाँ से 40 ग्राम स्मैक और 11,000 रुपये की बिक्री राशि जब्त की। इस मामले में एक महिला सहित तीन आरोपियों (मांगी, सुमित और राकेश) को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, हाल के दिनों में स्मैक के खिलाफ यह जिले की सबसे बड़ी कार्रवाई है।

### इन जांबाजों का रहा विशेष योगदान

पूरी कार्रवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र शर्मा, वृत अधिकारी जय सिंह और राजेश कसाना का प्रभावी सुपरविजन रहा। फील्ड में कांस्टेबल राजेश (350), राजुराम (713), अशोक कुमार (3154) और सूचना अधिकारी भगवान सिंह (428) की विशेष भूमिका रही। अपील: पुलिस अधीक्षक ने आमजन से अपील की है कि नशे के अवैध कारोबार की सूचना पुलिस को दें, सूचना देने वाले का नाम पूरी तरह गुप्त रखा जाएगा।

# बनेठा पंचायत की बड़ी लापरवाही: कचरे में भोजन ढूंढते गोवंश-ग्रामीणों में भारी आक्रोश

### ग्राम विकास अधिकारी और ठेकेदार की अनदेखी से सफाई व्यवस्था चरमराई, बीमारियों का खतरा बढ़ा



स्मार्ट हलचल

**टोंक/उनियारा ।** उनियारा उपखण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत बनेठा में इन दिनों सफाई व्यवस्था पूरी तरह से पटरी से उतरती नजर आ रही है। बनेठा कस्बा सहित ग्रामीण इलाके में कचरे का नियमित उठाव नहीं होने से जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हुए हैं, जहां गोवंश और अन्य पशु खाने को मजबूर हैं। कचरे में पड़ी प्लास्टिक और गंदगी के कारण पशुओं की जान पर खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम विकास अधिकारी और सफाई ठेकेदार की लापरवाही के चलते यह स्थिति बनी हुई है। गांव में स्थायी डंपिंग यार्ड की व्यवस्था नहीं होने के कारण कचरा खुले में डाला जा रहा है, जिससे न केवल वातावरण प्रदूषित हो रहा है बल्कि आसपास रहने वाले लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कचरे के ढेर बढ़ने से क्षेत्र में बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। इस मामले को लेकर ग्रामीणों और गौ सेवकों ने सोशल मीडिया पर वीडियो साझा कर पंचायत प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि स्वच्छता अभियान के नाम पर लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर सफाई व्यवस्था पूरी तरह फेल साबित हो रही है। पंचायत प्रशासन और ठेकेदार के खिलाफ ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।यह पूरा मामला ग्राम पंचायत की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

# ओबीसी कांग्रेस को मजबूत करने के लिए बड़े संगठनात्मक बदलाव-सभी संभागों में प्रभारियों की नियुक्ति

स्मार्ट हलचल

**टोंक/जयपुर।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के प्रदेशाध्यक्ष हरसहाय यादव ने संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत बनाने के उद्देश्य से प्रदेश के सभी संभागों में प्रभारियों की नियुक्ति की है। इस फैसले को आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए अहम माना जा रहा है।

संगठन महासचिव सागर मावर ने जानकारी देते हुए बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जयहिंद एवं वेस्ट जोन प्रभारी रोहिताश सिंह बेदी की सहमति से यह नियुक्तियां की गई हैं। जारी सूची के अनुसार अजमेर और जयपुर संभाग का प्रभारी राजकमल राव को बनाया गया है, जबकि भरतपुर, कोटा और बीकानेर संभाग की जिम्मेदारी मोहित चौधरी को सौंपी गई है। वहीं उदयपुर और जोधपुर संभाग का प्रभारी चंदन



ठाकुर को नियुक्त किया गया है।प्रदेश सचिव एवं प्रवक्ता डॉ. नरेन्द्र मेहरा एडवोकेट ने बताया कि इन नियुक्तियों का मुख्य उद्देश्य ओबीसी कांग्रेस को बूथ स्तर तक मजबूत करना है।सक्रिय पदाधिकारियों के माध्यम से आगामी पंचायत एवं नगर निकाय चुनावों में कांग्रेस प्रत्याशियों को मजबूती मिलेगी।उन्होंने यह भी बताया कि संगठन जल्द ही सभी संभागों में ओबीसी कांग्रेस के कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित करेगा, जिसकी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

# टोंक घंटाघर पर आंदोलन: दूसरे दिन भी अनशन जारी-प्रशासन बेखबर-आरटीआई में टेंडर घोटाले का बड़ा खुलासा

स्मार्ट हलचल

**टोंक।** शहर के घंटाघर पर किसान महापंचायत के बैनर तले चल रहा अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन दूसरे दिन गुरूवार को भी जारी रहा। किसान महापंचायत युवा प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद चौधरी के नेतृत्व में धरनार्थियों ने रात भी खुले आसमान के नीचे गुजारते हुए प्रशासन के खिलाफ कड़ा रोष जताया। आंदोलनकारियों का आरोप है कि लगातार विरोध के बावजूद प्रशासन ने अब तक कोई सुध नहीं ली है।

### आरटीआई में खुलासा: बिना पुलिस चौकी के ही जारी कर दिया टेंडर

अनिश्चितकालीन धरने के दौरान सामने आए आरटीआई खुलासे ने पूरे मामले को और गंभीर बना दिया है। जानकारी के अनुसार, कार्यालय पुलिस अधीक्षक टोंक से प्राप्त आरटीआई में स्पष्ट हुआ कि निवाई नगर पालिका क्षेत्र में कोई पुलिस चौकी स्थापित ही नहीं है। इसके बावजूद कृषि उपज मंडी समिति निवाई में 'रिपेयरिंग टू पुलिस चौकी' के नाम पर 0.99 लाख रुपये का टेंडर जारी कर दिया



गया।

### सचिव पर आरोप: भांजे को नियमों के विरुद्ध टेंडर

धरनार्थियों का आरोप है कि मंडी सचिव कमल किशोर सोनी ने नियमों की अनदेखी करते हुए अपने ही भांजे शुभम सोनी को यह टेंडर दे दिया। इस कार्य में 90,060 रुपये की एम.बी. भी दर्ज की गई, जिस पर स्वयं सचिव के हस्ताक्षर हैं। जिस कमरे को पुलिस चौकी बताया गया, वह मात्र 10 गुणा 12 फीट का जनरेटर रूम है और उसे आधिकारिक नक्शे में पुलिस चौकी के रूप में चिन्हित भी नहीं किया गया।

### प्रशासन की चुप्पी पर सवाल

मामले की जानकारी जिला प्रशासन और पुलिस विभाग को होने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। आंदोलनकारियों ने सवाल उठाया है कि आखिर प्रशासन सचिव के सामने कमजोर क्यों नजर आ रहा है।

### कानून की अनदेखी का आरोप

राजस्थान सार्वजनिक खरीद पारदर्शिता अधिनियम-2013 की धारा 81(2)(घ) के तहत नजदीकी रिश्तेदारों को टेंडर देना प्रतिबंधित है, इसके बावजूद नियमों को दरकिनार कर यह टेंडर जारी किया गया।

### मजदूरी दर में हेरफेर का भी आरोप

धरनार्थियों ने आरोप लगाया कि मंडी में मजदूरी दर को लेकर भी व्यापारियों के हित साधे गए। वर्ष 2024 में तय 6.08 रुपये की मजदूरी दर को कथित रूप से दस्तावेजों में बदलाव कर हटाया गया। वर्ष 2025 में इसे घटाकर 3.50 रुपये कर दिया गया, जिससे मजदूरों और किसानों को नुकसान हुआ।

### किसानों को नुकसान: अधिक वजन वसूली का मामला

किसान महापंचायत के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि मंडी में 50 किलो जिंस पर 300 ग्राम अतिरिक्त वजन लिया जा रहा है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। शिकायत के बावजूद इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### स्वास्थ्य परीक्षण तक नहीं

अनशन के दूसरे दिन भी प्रशासन द्वारा धरनार्थियों का कोई स्वास्थ्य परीक्षण नहीं कराया गया, जिसे आंदोलनकारियों ने गंभीर लापरवाही बताया है। कुल मिलाकर टोंक का यह मामला अब प्रशासनिक निष्क्रियता, नियमों की अनदेखी और किसानों के साथ कथित अन्याय का बड़ा मुद्दा बनता जा रहा है।आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी है कि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# कलक्टर के एलपीजी की जमाखोरी व कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश



स्मार्ट हलचल

टोंक जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने जिले में एलपीजी गैस, डीजल और पेट्रोल की पर्याप्त उपलब्धता होने की बात कहते हुए जमाखोरी, कालाबाजारी और दुरुपयोग पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने सभी उपखंड अधिकारियों को अफवाहों से सतर्क रहने और ऐसी गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि सम्पर्क पोर्टल और हेल्पलाइन नंबरों पर दर्ज एलपीजी आपूर्ति से जुड़ी शिकायतों का 24 घंटे के भीतर समाधान किया जाए।

कलेक्टर ने अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में गैस की कालाबाजारी और जमाखोरी पर कड़ी निगरानी रखने तथा दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में गैस आपूर्ति को लेकर किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति न बने, इसके लिए प्रशासन को प्रो-एक्टिव रहकर काम करना होगा। उन्होंने प्रशासन, पुलिस और ऑयल-गैस कंपनियों के बीच बेहतर समन्वय पर जोर देते हुए कहा कि एलपीजी सप्लाई की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। साथ ही पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों का निरीक्षण कर प्रतिदिन स्टॉक और आपूर्ति की निगरानी सुनिश्चित करने को कहा। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर ने केवल ऑनलाइन बुकिंग को मान्य करने और ओटीपी के माध्यम से ही गैस वितरण करने के निर्देश दिए। साथ ही हेल्पलाइन नंबर 14435, 112 और 181 पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण के आदेश भी दिए।बैठक में एडीएम रामरतन सौकरिया, विनोद कुमार मीना, भूपेन्द्र यादव सहित सभी उपखंड अधिकारी हुकमीचंद रोहलानिया, डीएसओ और गैस व ऑयल कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# हजरत काजी चल फिर शाह का 98वाँ उर्स 29 मार्च से

**चित्तौड़गढ़।** हजरत काजी चल फिर शाह रअ का पांच दिवसीय सालाना उर्स 29 मार्च रविवार से गोल प्याऊ चौराहा स्थित दरगाह परिसर में मनाया जाएगा। उर्स में देश विदेश के हजारों अकीदतमंद शामिल होंगें।

दरगाह कमेटी के सदर हाजी सैय्यद दौलत अली ने बताया कि हजरत काजी चल फिर शाह का 98 वाँ उर्स 29 मार्च रविवार को असर के बाद परचम कुशाई की रस्म के साथ शुरू होगा। इसी दिन शाम को ईशा की नमाज के बाद महफिले मिलाद का आयोजन होगा। इसी क्रम में 30 मार्च सोमवार को बाद नमाज ईशा महफिले समा का आयोजन होगा। दरगाह कमेटी के सेक्रेट्री सैय्यद अमानत अली ने बताया कि 31 मार्च मंगलवार को बाद नमाजे ईशा महफिले समा में हिंदुस्तान के मशहूर कव्वाल सूफियाना कलाम पेश करेंगे। उर्स के दौरान एक अप्रैल बुधवार को बाद



नमाज जोहरचादर शरीफ का जुलूस निकाला जाएगा, जो लोहार मोहल्ले से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होता हुआ दरगाह शरीफ पहुंचेगा, जहां काजी पिया के मजार पर चादर पेश की जाएगी। इसी दिन शाम से कव्वाली की महफिल सजाई जाएगी। उर्स के अंतिम दिन 2 अप्रैल गुरुवार को सुबह कुल की महफ़िल के साथ समापन होगा। उर्स के दौरान बाहर से आये जायरीनों व अकीदतमंदों के लिए दोनों वक्त लंगर का आयोजन रहेगा।

# रघुनाथ शाह मंदिर में धूमधाम से मनाया भगवान राम का जन्मोत्सव





### प्रखर जी महाराज, देवनानी और रावत ने लिया महाआरती में भाग

स्मार्ट हलचल

**पुष्कर/ अजमेर।** धार्मिक गरी पुष्कर में गुरुवार को रामनवमी पर्व श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर राम मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना, भजन-कीर्तन सहित अनेक धार्मिक कार्यक्रम हुए तथा राम जन्मोत्सव की आरती की गयी। पुष्कर में राम जन्मोत्सव का मुख्य आयोजन - हनुमान गली स्थित प्राचीन रघुनाथ शाह मंदिर में हुआ। पुजारी पं. कैलाश नाथ दाधीच ने बताया कि इस मौके पर आज सुबह 8 से 9 बजे तक तीर्थ राज पुष्कर का पूजन, दुग्धाभिषेक, आरती व पुष्पांजलि हुई। 9 से 10 बजे तक मंदिर में पुष्कर सरोवर समेत विभिन्न तीर्थों के जल व पंचामृत से भगवान राघवेंद्र सरकार का वेद मंत्रों व रुद्री पाठ के साथ सहस्त्राभिषेक किया गया। 10 से 12



बजे तक भजन-कीर्तन हुए। इस बीच भगवान का मनमोहक श्रृंगार कर झांकी सजाई गयी। दोपहर 12 बजे अभिजीत मुहूर्त में भगवान के जन्मोत्सव की महाआरती हुई। इस दौरान शंख ध्वनियो और नाथू लाल सहित उनकी टीम ने नगाड़ा वादन के साथ भगवान का स्वागत किया। महाआरती में गायत्री महायज्ञ के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी प्रखर महाराज, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, केबिनेट मंत्री सुरेश सिंह रावत सहित अनेक गणमान्य लोगों ने महाआरती मे भाग लिया। प्रखर महाराज ने कहा कि महायज्ञ से विश्व शांति की स्थापना होगी विधान सभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि सनातन संस्कृति लगातार मजबूत हो रही है।

केबिनेट मंत्री रावत ने सभी को राम नवमी की बधाई दी। इस दौरान पीसांगन पंचायत के प्रधान दिनेश नायक पुष्कर भाजपा मंडल अध्यक्ष भुवनेश पाठक, भाजपा के वरिष्ठ नेता सूरज नारायण पाराशर, भाजपा नेता अरुण वैष्णव, पुष्कर नारायण भाटी, समाजसेवी कांतिलाल पाराशर, दिनेश पंडित, जगदीश कुर्डिया, अरुण पाराशर पार्षद लक्ष्मी पाराशर, जयनारायण दगदी कैलाश रँबो दामोदर मुखिया समेत बड़ी संख्या में लोग ।मौजूद रहे। पंडित ज्योतिषाचार्य कैलाश नाथ दाधीच ने सभी का स्वागत और आभार व्यक्त किया। बाद में प्रसाद वितरण हुआ। दोपहर को सुंदरकांड का संगीतमय पाठ, रामधुनी, भजन-कीर्तन के साथ शाम को संध्या व रात्रि में शयन आरती हुई। दोपहर में आगंतुक अतिथियों का सम्मान भी किया गया। इसी प्रकार राम लक्ष्मण मंदिर, वराह घाट स्थित प्राचीन रघुनाथ मंदिर समेत सभी छोटे- बड़े मंदिरों में राम जन्मोत्सव श्रद्धा पूर्वक मनाया गया।

# श्री सांवलिया सेठ को धराया छप्पन भोग

**मंडफिया।** स्थानीय निवासी छोगा लाल द्वारा गुरुवार को भगवान श्री सांवलिया सेठ को छप्पन भोग धराया गया।

जानकारी के अनुसार मंडफिया सांवलियाजी निवासी छोगा लाल कुमावत की ओर से भगवान श्री सांवलिया सेठ को चांदी का बना हुआ मकान, होटल, विभिन्न प्रकार की मिठाईयां, सूखे मेवों व ताजा फलों का छप्पन भोग धराया गया। छप्पन भोग के साथ भगवान को नवीन पोशाक एवं नोटों की माला भी भेंट की गई। इससे पहले भक्त कालूलाल तेली के निज आवास से बैंड बाजे के साथ छप्पन भोग जुलूस प्रारंभ हुआ जो कस्बे के प्रमुख मार्गो से होते हुए मंदिर पहुंचा। मंदिर पुजारी ने छप्पनभोग का भोग प्रभु सांवलिया सेठ को लगाया एवं प्रसाद सभी भक्तों को वितरित किया।

# भामाशाहों की अनूठी पहल: माताजी की पुण्य स्मृति में अस्पताल को दिए 10 पंखे

### गर्मी में मरीजों को मिलेगी राहत, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को मिला सहयोग



स्मार्ट हलचल

**हरनावदाशाहजी।** कस्बे में सेवा, संवेदना और संस्कारों का प्रेरणादायक उदाहरण उस समय देखने को मिला, जब भामाशाह शिव शंकर नामदेव ने अपनी माताजी स्वर्गीय श्रीमती दुर्गा देवी की पुण्य स्मृति में कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को 10 पंखे सप्रेम भेंट किए। इस दौरान उनके पिता श्री रामकरण नामदेव भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. रविंद्र सिंह को पंखे सौंपे गए। इस अवसर पर उपस्थित स्टाफ एवं नागरिकों ने भामाशाहों का आभार व्यक्त करते हुए इस कार्य को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

गौरतलब है कि गर्मी के मौसम में अस्पतालों में पंखों की कमी के कारण मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में यह सहयोग मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए बड़ी राहत साबित होगा। भामाशाहों ने बताया कि माताजी की स्मृति में किया गया यह प्रयास समाज सेवा की भावना से प्रेरित है और भविष्य में भी वे इसी प्रकार जनहित के कार्य करते रहेंगे। कस्बे के गणमान्य नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यदि हर सक्षम व्यक्ति इस प्रकार आगे आए तो समाज में सकारात्मक बदलाव संभव है।

# बार काउंसिल ऑफ राजस्थान चुनाव में हलचल तेज: राजेश मीणा ने भरा नामांकन

स्मार्ट हलचल | जयपुर

बार काउंसिल ऑफ राजस्थान के सदस्य पद के चुनाव को लेकर प्रदेशभर में सरगर्मियां तेज हो गई हैं। चुनावी माहौल के बीच अधिवक्ता राजेश कुमार मीणा ने समर्थकों और साथी वकीलों की मौजूदगी में अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। नामांकन के साथ ही अधिवक्ता समुदाय में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है और चुनावी गतिविधियां चरम पर पहुंचती नजर आ रही हैं।

नामांकन के बाद राजेश कुमार मीणा ने भावुक अंदाज में अपील करते हुए कहा– 'आप सभी भाइयों के सहयोग और आशीर्वाद से मैंने यह महत्वपूर्ण कदम उठाया है। आप सभी से करबद्ध निवेदन है कि मुझे अपना अमूल्य मत देकर विजयी बनाएं, ताकि मैं अधिवक्ता साथियों की आवाज को मजबूती से उठा सकूं। ' उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में अधिवक्ताओं के सामने कई गंभीर चुनौतियां खड़ी हैं–अधिकारों की रक्षा, सामाजिक सुरक्षा, और न्यायिक प्रक्रिया में आने वाली व्यावहारिक परेशानियां प्रमुख मुद्दे हैं। इन समस्याओं के समाधान के लिए मजबूत, ईमानदार और संघर्षशील प्रतिनिधित्व जरूरी है।

राजेश मीणा ने भरोसा दिलाया कि यदि उन्हें सेवा का अवसर



मिलता है तो वे अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य सिर्फ चुनाव जीतना नहीं, बल्कि बार काउंसिल को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और प्रभावी बनाना है।

नामांकन के दौरान बड़ी संख्या में समर्थक और अधिवक्ता साथी मौजूद रहे। इस दौरान समर्थकों ने नारेबाजी कर उनके प्रति विश्वास जताया और उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया। पूरा माहौल चुनावी रंग में रंगा नजर आया।

सूत्रों के अनुसार, इस बार चुनाव में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिल सकती है। कई अनुभवी और युवा उम्मीदवार मैदान में उतर चुके हैं, जिससे मुकाबला दिलचस्प हो गया है। ऐसे में राजेश कुमार मीणा की सक्रियता और जमीनी पकड़ उन्हें एक मजबूत दावेदार के रूप में स्थापित कर रही है। अधिवक्ता समुदाय के बीच यह चर्चा भी जोरों पर है कि इस बार चुनाव केवल चेहरे का नहीं, बल्कि कार्यशैली, पारदर्शिता और संघर्षशीलता का होगा। उम्मीदवारों के सामने अपने विजन और कार्ययोजना को स्पष्ट रखना बड़ी चुनौती बन गया है।

अंत में राजेश मीणा ने फिर अपील करते हुए कहा– 'आपका एक-एक मत मेरे लिए विश्वास और जिम्मेदारी का प्रतीक होगा। मैं वादा करता हूं कि इस विश्वास को कभी टूटने नहीं दूंगा। ' अब नजरें चुनावी मैदान पर टिकी हैं–देखना यह होगा कि अधिवक्ता समुदाय किसे अपना प्रतिनिधि चुनता है और यह मुकाबला किस करवट बैठता है। फिलहाल, नामांकन के साथ ही चुनावी समीकरण बनना शुरू हो गए हैं और आने वाले दिनों में मुकाबला और भी रोचक होने की पूरी संभावना है।

# 2625वां जन्म कल्याणक महोत्सव 29-30 मार्च को भव्य आयोजन

## अहिंसा पदयात्रा, भव्य शोभायात्रा, सांस्कृतिक संध्या, जैन यूथ फेयर और सेवा गतिविधियों से गूंजेगा शहर

स्मार्ट हलचल|कोटा

जैन धर्म के 24वें एवं अंतिम तीर्थंकर भगवान श्री महावीर स्वामी के 2625वें जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर कोटा शहर में 29 एवं 30 मार्च को दो दिवसीय भव्य आयोजन होंगे। श्री सकल दिगम्बर जैन समाज समिति, कोटा के तत्वावधान में दिगम्बर एवं श्वेताम्बर जैन समाज द्वारा आयोजित इस महोत्सव में धार्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक एवं सेवा से जुड़े विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला रहेगी। सकल समाज के पदाधिकारियों ने तलवंडी जैन मंदिर में विभिन्न कार्योक्रमो का पोस्टर विमोचन किया इस अवसर सकल समाज के संरक्षक राजमल पाटौदी, कार्यध्यक्ष जे के जैन, मनोज आदिनाथ, विकास अजमेरा, मनोज जैसवाल, नरेश वेद, लोकेश सीसवाली, महामंत्री पदम बडला, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र हरसौरा, महिला प्रकोष्ठ से निशा वेद, पारस लुंग्या, अनिल ठोरा, अशोक पहाडिया, प्रकाश सामरिया सहित कई लोग उपस्थित रहे।




### अहिंसा पदयात्रा से होगा शुभारंभ

सकल जैन समाज के मुख्य संरक्षक जेके जैन नेबताया कि 29 मार्च (रविवार) को प्रातः 7:30 बजे महावीर नगर प्रथम स्थित दिगम्बर जैन लाल मंदिर से सामूहिक अहिंसा पदयात्रा के साथ आयोजन का आगाज़ होगा। हजारों श्रद्धालुओं की सहभागिता वाली इस पदयात्रा में पुरुष वर्ग सफेद एवं महिलाएं केसरिया वस्त्र धारण कर शामिल होंगी। आध्यात्मिक पाठशालाओं के बालक-बालिकाएं, युवा मंडल, महिला मंडल, बालिका मंडल एवं विभिन्न सामाजिक समूह भी भागीदारी निभाएंगे। महामंत्री पदम बडला ने बताया कि यात्रा ओपेरा हॉस्पिटल रोड, तलवंडी चौराहा, जवाहर नगर होते हुए दानबाड़ी पहुंचेगी। मार्ग में 108 तोरण द्वार एवं रंगोली सजावट की जाएगी। दानबाड़ी में ध्वजारोहण एवं भगवान महावीर के गुणानुवाद के साथ कार्यक्रम संपन्न होगा।

### संध्या और जैन यूथ फेयर

महिला प्रकोष्ठ संयोजिका निशा वेद एव नरेश वेद के अनुसार, 29 मार्च को सायं 7:30 बजे दशहरा मैदान में आध्यात्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिनमें भक्ति, नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। हर्षित जैन ने बताया कि इसी के साथ पहली बार कोटा में 29-30 मार्च को 'जैन यूथ फेयर' का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जैन समाज के व्यापार जगत से जुड़े उद्यमी एक ही मंच पर अपने उत्पादों एवं नवाचारों का प्रदर्शन करेंगे।

### जन्मोत्सव पर धार्मिक अनुष्ठान और प्रभात फेरियां

कार्यध्यक्ष मनोज आदिनाथ एवं पारस लुंग्या ने बताया कि 30 मार्च (सोमवार), चैत्र शुक्ल त्रयोदशी को भगवान महावीर के जन्मोत्सव पर प्रातः 6:30 बजे शहर के समस्त जैन मंदिरों में प्रतिमा को पांडुशिला पर विराजित कर प्रासुक जल से अभिषेक एवं अष्ट द्रव्य पूजन किया जाएगा। श्रद्धालु गन्धोदक धारण कर पुण्य अर्जित करेंगे। इससे पूर्व विभिन्न मंदिरों से प्रभात फेरियां भी निकाली जाएंगी।

### भव्य शोभायात्रा बनेगी आकर्षण का केंद्र

मनोज जैसवाल एवं विकास अजमेरा ने बताया कि कोटा की हृदयस्थली रामपुरा से एक विशाल शोभायात्रा प्रारंभ होगी, जो आर्य समाज रोड, हिंदू धर्मशाला, अग्रसेन बाजार, श्रीपुरा, गांधीजी का पुल, गढ़ पैलेस होते हुए दशहरा मैदान पहुंचेगी।निर्मल पोरवाल व जिनेन्द्र पापड़ीवाल शोभायात्रा में भगवान महावीर की प्रतिमा को रथ पर सौधर्म इंद्र द्वारा विराजित किया जाएगा। 11 बग्गियों में इंद्र-इंद्राणी स्वरूप, घोड़ों पर सवार युवा, धर्मध्वज एवं उपदेशों की तख्तियां लिए श्रद्धालु शामिल होंगे। 108 तोरण द्वार, रंगोली, आरती एवं युवाओं के नृत्य दल शोभा बढ़ाएंगे। रथ को सैकड़ों श्रद्धालु खींचेंगे तथा चंवरधारी आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

### दशहरा मैदान में मुख्य समारोह

महामंत्री पदम बडला व कोषाध्यक्ष जितेन्द्र हरसोला ने बताया कि दशहरा मैदान में पहुंचने पर भगवान की प्रतिमा को रजत पांडुशिला पर विराजमान किया जाएगा। आर्यिका विशुद्ध मति माताजी, आर्यिका विज्ञ मति माताजी एवं आर्यिका चिन्मय मति माताजी के सान्निध्य में कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, मंत्री मदन दिलावर, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, विधायक शांति कुमार धारीवाल, संदीप शर्मा एवं कल्पना देवी सहित कई जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति प्रस्तावित है। मंगलाचरण, चित्र अनावरण, दीप प्रज्वलन के पश्चात समाज की पांच प्रमुख हस्तियों एवं सामाजिक सेवा में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों का सम्मान किया जाएगा। आर्यिका संघ के प्रवचन एवं अतिथियों के संबोधन में भगवान महावीर के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला जाएगा। प्रातः 11 बजे कलशाभिषेक एवं पूजन के बाद श्रद्धालुओं के लिए सुरुचि भोज की व्यवस्था रहेगी।

### संध्या आरती और विश्वशांति की प्रार्थना

प्रचार सचिव पारस लुंग्या ने बताया कि संध्या समय शहर के सभी जिनालयों में भगवान महावीर की आरती होगी। विश्वशांति के लिए विभिन्न मंदिरों में शांतिधारा की जाएगी तथा 9 अप्रैल 2026 को जीतो के तत्वावधान में नमोकार मंत्र का सामूहिक जाप आयोजित होगा।

सेवा और जीवदया के विविध कार्य

मनोज आदिनाथ महोत्सव के दौरान सामाजिक सरोकारों को भी प्रमुखता दी जाएगी। जैन सोशल ग्रुप अनुभव द्वारा दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे। दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप द्वारा मेगा ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित कर सैकड़ों यूनिट रक्त संग्रह किया जाएगा। दी ह्यूमन हेल्पलाइन ट्रस्ट द्वारा गौरैया संरक्षण हेतु विशेष घोंसले वितरित किए जाएंगे। जीव दया टीम, जीव रक्षा फाउंडेशन एवं करुणाभाव संस्था द्वारा पक्षियों के लिए मिट्टी के परिंडे वितरित किए जाएंगे।

### 'मेरे महावीर झूले पालना' कार्यक्रम विशेष आकर्षण

लोकेश सीसवाली ने बताया कि महावीर जयंती के अवसर पर 30 मार्च को सायं 7 बजे प्रज्ञालोक (महात्मा फुले सामुदायिक भवन), महावीर नगर प्रथम में राष्ट्रीय गुरू आस्था परिवार द्वारा 'मेरे महावीर झूले पालना' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें 2 से 8 माह तक के 24 शिशुओं को भगवान महावीर के बाल रूप में पालना झुलाया जाएगा। 24 दंपत्तियां राजा सिद्धार्थ एवं माता त्रिशला के रूप में सहभागिता करेंगी। 2 से 8 वर्ष तक के बालकों द्वारा बाल क्रीड़ा की झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी। महिलाओं द्वारा बधाई नृत्य एवं रत्न वर्षा कार्यक्रम को आकर्षक बनाएंगे। प्रतिभागी बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। यह संपूर्ण आयोजन तपोभूमि प्रणेता आचार्य श्री 108 प्रज्ञा सागर जी महाराज की प्रेरणा एवं निर्देशन में संपन्न होगा, जिसमें समूचा जैन समाज एकजुट होकर आस्था, संस्कृति और सेवा का संदेश देगा।

---

# स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को जीवन में उतारे युवा- शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री

## डाइट में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण, 'हाड़ी रानी गमक' पुस्तक का किया विमोचन

स्मार्ट हलचल|बूंदी

शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि देश के युवाओं को स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को जीवन में उतारना चाहिए। गुरुवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण करते हुए उन्होंने यह बात कही।उन्होंने कहा कि बच्चों को देश विरोधी शिक्षा देने वाली शिक्षण संस्थाओं को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और उन पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान उन्होंने बूंदी के शिक्षकों व शिक्षाविदों द्वारा रचित पुस्तक 'हाड़ी रानी गमक' का विमोचन भी किया।



शिक्षा मंत्री ने छुआछूत और जातिवादी मानसिकता को पूरी तरह खत्म करने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के मंदिर में सभी वर्गों का समान अधिकार है और यहां कोई ऊंचा या नीचा नहीं होता। समाज के पिछड़े और दलित वर्गों को मुख्यधारा में साथ लेकर चले। साथ ही, देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वदेशी उत्पाद खरीदने पर जोर दिया।

राजकीय विद्यालयों की शिक्षा प्रणाली को निजी स्कूलों से बेहतर बताते हुए उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों का प्रवेश सरकारी स्कूलों में कराने की अपील की। उन्होंने शिक्षकों को भी निर्देश दिए कि वे अपने आचरण को आदर्श बनाएं ताकि बच्चों को संस्कारवान शिक्षा मिल सके।

### बच्चों को घर में भी मिले पढ़ाई का बेहतरीन माहौल'

शिक्षा मंत्री ने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा केवल विद्यालय के भरोसे नहीं दी जा सकती। इसके लिए घर पर भी एक अच्छा शैक्षिक वातावरण होना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले अधिकांश बच्चे गरीब और पिछड़े तबके से आते हैं, जिन पर अतिरिक्त ध्यान देने की आवश्यकता है। शिक्षकों को चाहिए कि वे इन बच्चों की पारिवारिक पृष्ठभूमि को ध्यान में रखते हुए उन्हें भावनात्मक और शैक्षिक संबल प्रदान करें। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करने वाली रिदिमा जांगिड़, अंशिका राठौर और शिक्षा गौत्तम को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक ओमप्रकाश शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा रहे, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में गौरव शर्मा ने अपने विचार रखे। समारोह को डाइट प्रधानाचार्य मीना चौधरी, कार्यक्रम संयोजक व उप प्रधानाचार्य राजेन्द्र कुमार शर्मा और पूर्व जिलाध्यक्ष कुंजबिहारी बील्या ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर विभिन्न शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों ने शिक्षा मंत्री का साफा व माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान उपखंड अधिकारी लक्ष्मीकांत मीणा, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कुंज बिहारी भारद्वाज उपस्थित रहें। मंच संचालन दीपक शर्मा और जय प्रकाश त्रिपाठी ने किया।

---

# मनीष बंजारा का सॉफ्टबॉल में राष्ट्रीय स्तर पर चयन

## दिल्ली में आयोजित होने वाले नेशनल टूर्नामेंट में राजस्थान टीम का करेंगे प्रतिनिधित्व

स्मार्ट हलचल|सूरौठ

ग्रामीण प्रतिभाओं ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि यदि अवसर मिले तो वे आसमान छू सकती हैं। सूरौठ के बंजारों के नंगला स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक स्कूल में अध्ययनरत छात्र मनीष बंजारा का राष्ट्रीय विद्यालयी सॉफ्टबॉल खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए चयन हुआ है। मनीष 14 वर्ष आयु वर्ग की सॉफ्टबॉल (छात्र/छात्रा) प्रतियोगिता में राजस्थान प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। स्कूल के प्रधानाध्यापक सुमेर सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर की सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता 16 अप्रैल से 22 अप्रैल तक दिल्ली के श्यागराज खेल स्टेडियम में आयोजित होगी। राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए 30 मार्च



से 13 अप्रैल तक राजसमन्द जिले के सोनियाणा (कुम्भलगढ़) स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक स्कूल में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खिलाड़ी 14 अप्रैल को शिविर स्थल से सीधे दिल्ली के लिए रवाना होंगे।मनीष का राष्ट्रीय स्तर पर चयन होने पर स्कूल परिसर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी सोहन सिंह मीणा, व्याख्याता लक्ष्मण मित्तल, शारीरिक शिक्षक वीरेंद्र सिंह राजावत, राजस्थान शारीरिक शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र बाबा, जिला अध्यक्ष राजेश सहारिया, योगेंद्र सिंह, शमिंदर सिंह, गुरमीत सिंह, प्रशांत शर्मा, प्रधानाध्यापक सुमेर सिंह, सुमन लता यादव, आशा शर्मा, निक्की शर्मा, हेमलता सुमन, देवेंद्र शर्मा आदि ने नेशनल प्रतियोगिता के लिए चुने गए मनीष बंजारा का साफे व मालाएं पहनाकर सम्मान किया। बताया गया कि छात्र मनीष ने पिछले दिनों हनुमानगढ़ जिले में आयोजित हुई राज्य स्तरीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया था।

---

# पत्नी के हत्यारे पति काजु को महज 12 घण्टे में किया गिरफ्तार

### वारदात के बाद उत्तरप्रदेश भागने की फिराक में था आरोपी

स्मार्ट हलचल|बूंदी

अवनीश कुमार शर्मा जिला पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दिनांक 26.03.2026 की रात्री को करीब रिलायन्य पेट्रोल पम्प बून्दी के पीछे थाना सदर जिला बून्दी में जडी-बूटियां बेचने वाले डैरे में एक महिला श्रीमति रूबी की हत्या की घटना को गंभीरता से लेते हुए आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु श्रीमती उमा

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में, श्री अजित मेघवंशी वृताधिकारी वृत बून्दी के निकटतम सुपरविजन में, भंवरसिंह पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी थाना सदर के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा 12 घंटे से भी कम समय में महिला की हत्या करने वाले पति काजू पुत्र कुशनपाल निवासी खंजापुर थाना रसूलपुर जिला फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश हाल रिलायन्स पेट्रोल पम्प चितोड रोड बून्दी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

फरियादिया कश्मीरी बाई पत्नी नेपालसिंह चित्तोडिया आदिवासी निवासी खंजापुर थाना रसूलपुर जिला फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश ने रिपोर्ट पेश की कि हम जडी-बूटियां बेचने का काम करते है। हम आज से दो महिने पहले डेरे सहित बूंदी में आकर रिलायंश पेट्रोल पम्प के पीछे बूंदी में तम्बू लगाकर रह रहे है। मेरी बेटी रुबी के का पूर्व पति 2018 में एक्सीडेन्ट से मृत्यु होने से रूबी का काजू पुत्र कुशनपाल निवासी खंजापुर थाना रसूलपुर जिला फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश के साथ नाता विवाह कर दिया। उसके बाद रूबी और उसका पति काजू के साथ ही रह रही है। जो हमारे साथ ही रहते है। रात को लगभग रात में 2.30 बजे के आस पास मेरी बेटी रूबी और उसके पति काजू के बीच लडाई झगडा हो रहा था, चिल्लाने की आवाज पर हमने देखा कि रूबी मरी हुई थी, काजू ने मेरी लडकी रूबी को मारा इत्यादी पर प्रकरण संख्या 129 / 2026 धारा 103 (1) बीएनएस में दर्ज किया गया।

पुलिस के प्रयासः- घटना की गंभीरता को देखते हुए मुलजिम पति को शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिये गये।उक्त निर्देशो की पालना में भंवरसिंह पुनि थानाधिकारी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्य, गोपनीय सुचना व आसुचना संकलन से उत्तरप्रदेश भागने की फिराक में घुम रहे मुलजिम पति (काजु ) को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है । मुलजिमान से अनुसंधान जारी है।

---

# रेल पटरी पार करते समय होने वाली दुर्घटनाओं पर इन रेल पुलियाओं से लगेगी रोक

स्मार्ट हलचल|नई दिल्ली

रेल पटरी पार करते समय होने वाली दुर्घटनाओं को अब रेलवे मिशन मोड में रोकेगा। सुविधाजनक पुलियाएँ बनाकर इसे सुनिश्चित किया जाएगा। इसकी व्यापक तैयारियों के रूप में रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली में संबंधित अधिकारियों की एक 2श्हझ्ह्यद्धश्श्च की। जहाँ रेल पटरी के एक तरफ बस्ती है और दूसरी तरफ़ खेत, विद्यालय, श्मशान या अन्य उपयोगी एवं महत्वपूर्ण स्थान, ऐसे स्थानों पर ये रेल पुलियाएँ बनाई जायेंगी। रेल मंत्री ने देशभर में ऐसी रेल पुलियाओं को बनाने का निर्देश दिया, जहाँ अपने रोजमर्रा के जीवन में बड़ी संख्या में लोग पटरियों को पार करते हैं।

### जीवनदायी विकल्प के रूप में उभरेगी रेल पुलिया

रेल मंत्री ने अधिकारियों को एक ऐसी सुविधाजनक रेल पुलिया बनाने को कहा जो पटरी पार करने वाले लोगों के लिए एक जीवनदायिनी विकल्प के रूप में उभरे। इन रेल पुलियाओं को बनाते समय यह ध्यान रखा जाएगा कि एक आम आदमी साइकिल, मोटर साइकिल तथा कामकाज से जुड़ी अन्य चीजों को भी अपने साथ ले जा सके। इससे देशभर में पटरी पार करते समय होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लगेगी। देश की एक बड़ी आबादी के लिए भारतीय रेल की ये पुलिया वरदान साबित होगी।

### सुगम और सुरक्षित डिज़ाइन

रेल मंत्री ने अधिकारियों को देश की इस बड़ी समस्या से अगले 5-6 वर्षों में निजात दिलाने को कहा। ये पुलियाएँ इस प्रकार से बनाई जायेंगी ताकि पटरियों के आर पार इनका निर्माण मात्र 12 घंटे में हो सके। रेल मंत्री ने कहा कि, डिज़ाइन इस प्रकार की हो, ताकि लोगों को इसे इस्तेमाल करने में कोई हिचक न हो। जल भराव से पुलिया प्रभावित न हो। रेल पुलिया बनाने का यह महत्वपूर्ण निर्णय पिछले कई दिनों से अधिकारियों के साथ चली आ रही मंत्रणा का परिणाम है। रेल मंत्री का मानना है कि, व्यवस्था संवेदनशील हो तथा एक आम आदमी की समस्यों का सभी अधिकारी ऐसा समाधान निकालें जो आने वाले कई दशकों तक प्रभावी रहे।

---

# गेहूं खरीद की बाधाएं होंगी दूरः पोर्टल फिर खुलेगा, गुणवत्ता मानकों में ढील के लिए केंद्र को भेजेंगे प्रस्ताव


## ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने ली अधिकारियों की बैठक, दिए किसान हित में फैसले लेने के निर्देश

स्मार्ट हलचल

**सांगोद।** राजस्थान के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने गेहूं खरीद प्रक्रिया में किसानों को आ रही तकनीकी और व्यावहारिक समस्याओं के समाधान के लिए गुरूवार को सर्किट हाउस में उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में जिला कलेक्टर पीयूष समारिया, भारतीय खाद्य निगम, नागरिक आपूर्ति निगम और राजफेड के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। मंत्री नागर ने स्पष्ट किया कि सरकार का लक्ष्य किसानों को उनकी उपज का दाना-दाना बेचने में सुविधा प्रदान करना है और इसके लिए सिस्टम की खामियों को तुरंत दुरुस्त किया जाएगा।

बैठक में यह बात सामने आई कि ऑनलाइन सिस्टम में कई किसानों ने अपनी मर्जी से अधिक मात्रा भर दी, जिसके कारण स्लॉट फुल हो गए और कई वास्तविक किसानों को मई-जून तक की लंबी तारीखें मिल रही हैं। इस विसंगति को दूर करने के लिए मंत्री नागर ने निर्देश दिए कि पोर्टल को दोबारा खोलकर गिरदावरी और रजिस्ट्रेशन की त्रुटियों को सुधारा जाए। साथ ही, रकबे के अनुसार ही स्लॉट बुकिंग सुनिश्चित की जाएगी ताकि पारदर्शिता बनी रहे।

यह भी सामने आया कि बेमौसम बारिश और अतिवृष्टि के कारण गेहूं की चमक कम होने, दाना कटने या 'काला नक्का' आने की शिकायतें मिल रही हैं। जिससे केंद्रों पर गेहूं रिजेक्ट हो रहा है। मंत्री नागर ने कहा कि किसानों के नुकसान को रोकने के लिए राज्य सरकार केंद्र सरकार को शिथिलता देने के लिए प्रस्ताव



भेजेगी। गत वर्ष भी ऐसी शिथिलता दी गई थी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पिछले वर्ष की भांति इस बार भी गुणवत्ता मानकों में छूट के लिए प्रस्ताव भेजा जाए, ताकि किसान को पूरा न्यूनतम समर्थन मूल्य मिल सके।

### केशोरायपाटन के 33 गांवों को बड़ी राहत

बूंदी जिले के केशोरायपाटन क्षेत्र के 33 गांवों में राजस्व रिकॉर्ड ऑनलाइन दर्ज नहीं होने के कारण किसान पंजीकरण नहीं कर पा रहे थे। मंत्री नागर ने इस पर कड़ा संज्ञान लेते हुए निर्देश दिए कि इन गांवों के किसानों के लिए ऑफलाइन बुकिंग और पुराने सिस्टम से रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था की जाए, ताकि कोई भी किसान सरकारी खरीद से वंचित न रहे।

### खेतों के रास्तों का कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश

इससे पहले ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने सांगोद विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में खेतों के रास्तों को लेकर चल रहे विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सख्त लहजे में निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं, ताकि किसानों को आवागमन में कोई असुविधा न हो।

### तकनीकी सुधार हो, किसानों को राहत मिले, दिए कड़े निर्देश

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने गेहूं खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि अब ऑनलाइन पोर्टल पर किसान द्वारा मनचाही मात्रा भरने की सुविधा नहीं होगी। सर्वर केवल राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज वास्तविक रकबे के अनुसार ही स्लॉट स्वीकार करेगा। साथ ही, गिरदावरी की उन विसंगतियों को तुरंत ठीक करने के आदेश दिए गए हैं जहाँ तकनीकी त्रुटि के कारण फसल शून्य दिखाई दे रही है।

---


# रामनवमी पर्व पर निकाली शोभायात्रा



**राशमी।** कस्बे में गुरुवार को रामनवमी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर कस्बे में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के लिए एक जीप को रथ का आकार देकर भगवान श्रीराम की आकर्षक झांकी तैयार की गई थी।

यह शोभायात्रा लक्ष्मी नारायण मंदिर से बैंड-बाजों पर बजते धार्मिक भजनों के साथ रवाना हुई। शोभायात्रा के दौरान ग्रामीण धार्मिक भजनों पर नृत्य करते हुए चल रहे थे। कस्बे में कई स्थानों पर शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा मेन बाजार, पुराना बस स्टैंड, अंबेडकर बस स्टैंड और सदर बाजार सहित विभिन्न मार्गों से गुजरी। विभिन्न मार्गों से होते हुए शोभायात्रा वापस लक्ष्मी नारायण मंदिर पहुंची। मंदिर पहुंचने पर ध्वज पताका चढ़ाई गई। इसके बाद आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए शोभायात्रा के दौरान पुलिस बल तैनात रहा।

इस अवसर पर सुरेश सुवालका, लोकेश सुवालका, नंदलाल लक्षकार, जानकी लाल लक्षकार, प्रहलाद लक्षकार, शंकर लाल जोशी, एडवोकेट शंभू लाल आचार्य, रेखा व्यास, रामेश्वर आचार्य, हीरालाल पुरोहित, राजकुमार सुवालका आदि सहित कई धर्मप्रेमी उपस्थित थे।



# इन अजीबोगरीब इमारतों को देखकर आप भी हो जाएंगे हैरान,

## किसी का जूते तो किसी का टोकरी जैसा है आकार

दुनिया भर में कई ऐसी अजीबोगरीब और विचित्र जगहें हैं जिन्हें देख कर लोग हैरान रह जाते हैं। ऐसी कई जगह है जहां की विचित्र निर्माण शैली को देखकर आप भी सोच में पड़ जाएंगे कि बनाने वाले ने खूब बनाया है। इन्हें एक बार देखने के बाद आपका भी मन करेगा कि इन्हें प्रत्यक्ष रूप से देखा जाए। आज के इस लेख में हम आपको दुनिया की सबसे विचित्र और अनोखी इमारतों के बारे में बताने जा रहे हैं –

### उल्टा चर्च

कनाडा के कैलेग्री में स्थित चर्च को देखकर को देखकर आप भी हैरत में पड़ जाएंगे। यह चर्च देखने में उल्टा लगता है, जिसके कारण इसका नाम डिवाइस टू रूट आउट डेविल रखा गया है। इसका मतलब 'शैतान को जड़ से उखाड़ने का यंत्र।' इस चर्च की ऊंचाई करीब 7 मीटर और चौड़ाई 3 मीटर है। कनाडा आने वाले पर्यटकों के बीच यह चर्च आकर्षण का केंद्र है।

### नाचता मकान

नीदरलैंड में स्थित एक घर को देखकर आपको ऐसा लगेगा कि मकान नाच रहा है। इस अनोखे मकान का नाम दो प्रसिद्ध डांसर फ्रेड एस्टेयर और जिंजर रॉजर्स के नाम पर रखा गया है। इस इमारत के दो हिस्से हैं। पहले भाग को शीशे से बनाया गया है, वहीं दूसरा हिस्सा सीधा है। इस मकान में कुल 9 मंजिलें हैं।

### टोकरी जैसा ऑफिस

ओहियो के नेवार्क शहर में एक ऑफिस का आकार लकड़ी की टोकरी जैसा है। यह इमारत लॉन्ग बर्गर का मुख्यालय है, जो की लकड़ी की टोकरी बनाने वाली एक कंपनी थी। इस इमारत का निर्माण 1997 में हुआ था। इसके सात मंजिलों के निर्माण में लगभग 3 करोड रुपए खर्च हुए थे। इस इमारत में ऊपर स्टील के दौरान जल दिए गए हैं और नीचे की टोकरी का आकार है।

### जूते के आकार का घर

पेंसिलवेनिया जाने वाले पर्यटकों को हैंस शू हाउस को जरूर देखना चाहिए। इस घर का आकर जूते की तरह है। यह विचित्र इमारत हेलन टाउनशिप में स्थित है। दुनियाभर से पर्यटक इस बिल्डिंग को देखने आते हैं।

### पुस्तकालय के आकार की इमारत

यूनाइटेड स्टेट्स के मिजूरी में कंसास सिटी एक पुस्तकालय के आकार की है। इसे बाहर से देखने पर ऐसा लगता है कि कई सारी किताबें रखी गई हों। इस अनोखी इमारत का आकार 25 से 9 फीट है। इस लाइब्रेरी की दक्षिणी दीवार पर 22 किताबों के अनोखे डिजाइन को इमारत बनाया गया है।



# गर्मी में घूमने के लिए यह हैं बेहतरीन जगहें

जब गर्मी का मौसम आता है तो मन करता है कि किसी ठंडी जगह पर जाकर रहा जाए। चिलचिलाती गर्मी सिर्फ तन को ही नहीं, मन को भी झिंझोड़कर रख देती हैं। ऐसे में समर वेकेशन में हम सभी किसी कूलिंग प्लेस पर जाना चाहते हैं। वैसे इस मौसम में घूमने के स्थान का चयन बेहद सोच-समझकर करना चाहिए। तो चलिए आज हम आपको कुछ ऐसी जगहों के बारे में बता रहे हैं, जहां पर आप गर्मी के दिनों में कुछ रिलैक्सिंग पल बिता सकते हैं–

### मनाली

भारत में लोकप्रिय ग्रीष्मकालीन अवकाश स्थलों में से एक, हिमाचल प्रदेश में मनाली में प्राकृतिक सुंदरता, और रोमांच का बेहतरीन संगम है। सुरम्य शहर बर्फ से ढकी पर्वत चोटियों और ब्यास नदी द्वारा पोषित हरियाली से घिरा हुआ है। आपकी छुट्टी का मुख्य आकर्षण रोहतांग दर्रे पर बर्फ का आनंद लेना है।

### मनाली में करने के लिए चीजें :

- हडिम्बा मंदिर, वन विहार हिमालयन निंगमापा गोम्पा मठ, क्लब हाउस आदि जगहों के दर्शनीय स्थल।
- सोलंग घाटी में साहसिक खेलों में शामिल हों।
- बर्फ का मजा लेने के लिए रोहतांग दर्रे पर जाएं।
- ब्यास नदी में रिवर राफ्टिंग करें।
- कुल्लू, मणिकरण गुरुद्वारा, जोगिनी जलप्रपात, अर्जुन गुफा, भृगु झील और वशिष्ठ हॉट-वाटर स्प्रिंग्स की यात्रा करें।
- सेब के बागों में जाएं।
- कैम्पिंग और ट्रेकिंग।

### शिमला

भारत में गर्मी का मौसम बिताने के लिए शिमला एक आदर्श स्थान है। हिमाचल प्रदेश में इसे 'हिल स्टेशनों की रानी' कहा जाता है। यहां की जलवायु के कारण ही ब्रिटिश उपनिवेश यहां हर गर्मियों में बसते थे। कई आवास विकल्प हैं, और आश्चर्य है।

### शिमला में करने के लिए चीजें :

- कालका से शिमला के लिए टॉय ट्रेन की सवारी करें।
- व्हाइट वाटर राफ्टिंग करें।
- खाने, खरीदारी करने और आनंद लेने के लिए माल रोड के आसपास घूमें।
- मॉल के पास खूबसूरत क्राइस्ट चर्च की सैर करें।
- जाखू हनुमान मंदिर तक ट्रेक करें।
- वाइसरीगल लॉज, क्राइस्ट चर्च आदि की ब्रिटिश वास्तुकला का अन्वेषण करें।
- कुफरी, चैल और मशोबरा की यात्रा, खूबसूरत पहाड़ी पर्यटन स्थल को एक्सप्लोर करें।

### दार्जिलिंग

पश्चिम बंगाल में दार्जिलिंग उत्तर पूर्व में लोकप्रिय समर हॉलिडे गेटवे में से एक है। हरी चाय के बागानों से घिरा, पहाड़ी शहर एक आरामदायक गर्मी की छुट्टी के लिए एकदम सही है। प्रकृति और मनुष्य द्वारा बनाए गए सुंदर स्थलों को एक्सप्लोर करें। मठों में तिब्बती जड़ों के बारे में जानें। मनोरंजक व्यवहार, खरीदारी और बहुत कुछ में शामिल हों।

दार्जिलिंग में करने के लिए चीजें :


- पहाड़ी शहर में जाने के लिए टॉय ट्रेन की सवारी करें।
- बतासिया लूप और गोरखा युद्ध स्मारक में आनंद लें।
- हैप्पी वैली टी एस्टेट में चाय बागानों को एक्सप्लोर करें।
- टाइगर हिल से राजसी सूर्योदय देखें।
- पद्मजा नायडू जूलॉजिकल पार्क में वन्यजीवों को एक्सप्लोर करें।
- माल रोड पर खरीदारी करें।

### मुन्नार

भारत का अपना देश कहा जाने वाला केरल भारत में लोकप्रिय हॉलिडे डेस्टिनेशन में से एक है। पश्चिमी घाट की हरी-भरी गोद में बसा मुन्नार गर्मी बढ़ने पर एक सुखद पलायन है। अपने खूबसूरत नजारों, चाय के बागानों, अनोखे वनस्पतियों और जीवों, मसालों की सुगंध और सुहावने मौसम के लिए प्रसिद्ध है।

### मुन्नार में करने के लिए चीजें :

- चाय बागानों की हरी-भरी सुंदरता का आनंद लें।
- कुंडला झील, इको पॉइंट और एलिफेंट लेक पर जाएं।
- अनामुडी पीक के लिए ट्रेक करें
- टाटा टी म्यूजियम को एक्सप्लोर करें।
- ट्री हाउस में रहें।
- इको पॉइंट तक ट्रेकिंग, माउंटेन बाइकिंग, कुंडला झील में शिकारा की सवारी।
- कार्मेलागिरी हाथी पार्क में हाथी सफारी।



# कर्नाटक के कुछ बेहतरीन हिल स्टेशन, एक बार जरूर जाएं घूमने

भारत के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में स्थित खूबसूरत राज्य कर्नाटक अपने हाई-टेक हब, नाइटलाइफ़, भव्य महलों, पुराने मंदिरों और वन्यजीव अभयारण्यों के लिए जाना जाता है। हालांकि, इस राज्य में हरे-भरे वातावरण और शांति प्रदान करते कई हिल स्टेशन भी हैं। जो लोग शहर की भीड़भाड़ से दूर प्रकृति के बीच कुछ शांत समय बिताना चाहते हैं, वह इन हिल स्टेशनों में जा सकते हैं। हरी-भरी पहाड़ियों, झरनों और सुविधाजनक स्थानों से लेकर ऐतिहासिक आकर्षणों और एड्रेनालाईन गतिविधियों तक, कर्नाटक के हिल स्टेशनों में बहुत कुछ है। तो चलिए आज हम आपको कर्नाटक के कुछ बेहतरीन हिल स्टेशनों के बारे में बता रहे हैं–

### चिकमगलूर, कर्नाटक

चिकमगलूर चाय और कॉफी के बागानों, दूधिया-सफेद झरनों और खूबसूरत पार्कों से भरपूर है। यहां पर घूमने के लिए लोकप्रिय स्थान हेब्बे फॉल्स, कल्लाथिगिरी फॉल्स, हनुमना गुंडी फॉल्स, भद्रा वन्यजीव अभयारण्य, महात्मा गांधी पार्क, कॉफी संग्रहालय, हिरेकोले झील, कोडंदरामा मंदिर आदि हैं। अगर आप यहां पर हैं तो चाय और कॉफी के बागानों में टहलें, उच्चतम मुल्लायनगिरी चोटी पर जाएँ, क्यातनामक्की में सुंदर दृश्यों का आनंद लें, अमृतेश्वर और विद्याशंकर मंदिर में जाएं।

### नंदी हिल्स, कर्नाटक

4849 फीट की ऊंचाई पर स्थित नंदी हिल्स कर्नाटक के सबसे प्रसिद्ध हिल स्टेशनों में से एक है। हरे भरे परिवेश, ट्रेकिंग ट्रेल्स और आश्चर्यजनक दृश्यों के अलावा, इस जगह में कई स्मारकों और मंदिरों के साथ एक लोकप्रिय ऐतिहासिक किला भी है। यहां पर घूमने के लिए लोकप्रिय स्थान टीपू की बूंद, टीपू का ग्रीष्मकालीन निवास, अमृता सरोवर, भोग नंदीश्वर मंदिर, ब्रह्माश्रम, नेहरू निलय, ग्रोवर ज़म्पा वाइनयार्ड आदि है।

### सिरसी, कर्नाटक

घने जंगलों के बीच बसा कर्नाटक का यह आकर्षक हिल स्टेशन, बैंगलोर से एक आदर्श वीकेंड गेटवे है। विविध वन्यजीवों से भरे घने उष्णकटिबंधीय जंगलों से लेकर सुरम्य झरनों और हरी-भरी पहाड़ियों तक, सिरसी की प्राकृतिक सुंदरता आपको मंत्रमुग्ध कर देगी। अगर आप यहां पर हैं तो मुरेगर फॉल्स, शिवगंगा फॉल्स, बुरुड फॉल्स, उंचल्ली फॉल्स, विभूति फॉल्स, मरिकंबा मंदिर, श्री महागणपति मंदिर, गुडवी पक्षी अभयारण्य आदि जगहों को जरूर एक्सप्लोर करें।

### माले महादेश्वर या एमएम हिल्स, कर्नाटक

सात पहाड़ी श्रृंखलाओं, एमएम हिल्स समुद्र तल से 3200 फीट की ऊंचाई पर स्थित है और 'स्वयंभू' या स्वयं प्रकट रूप में भगवान शिव के साथ एक प्राचीन मंदिर के लिए प्रसिद्ध है। धार्मिक स्थलों के अलावा, यह स्थान वनस्पतियों और जीवों में समृद्ध है, जो इसे वन्यजीव प्रेमियों और एड्रेनालाईन के दीवाने लोगों के बीच एक लोकप्रिय आकर्षण बनाता है। यहां पर आने वाले हर यात्री को श्री माले महादेश्वर मंदिर, थाला बेट्टा, नागमाले हिल्स आदि जगहों पर जरूर जाएं। साथ ही घने जंगलों में हाथियों और अन्य जानवरों को देखना ना भूलें।

### गंगामूला, कर्नाटक

हरे-भरे और घने जंगलों से घिरा गंगामूला उन लोगों के लिए एक आदर्श स्थान है जो प्रकृति की गोद में क्वालिटी टाइम बिताना चाहते हैं। हिल स्टेशन एक धुंधली जलवायु और आश्चर्यजनक परिदृश्य और आकर्षण का आनंद लेता है। यह स्थान तीन महत्वपूर्ण नदियों- तुंगा, भद्रा और नेत्रावती का उद्गम स्थल होने के लिए भी प्रसिद्ध है। यहां पर घूमने के लिए लोकप्रिय स्थानों में हनुमना गुंडी जलप्रपात, श्री अन्नपूर्णेश्वरी मंदिर, सिरिमाने जलप्रपात, गोमतेश्वर प्रतिमा, चतुर्मुख बसदी, श्री वेंकटरमण मंदिर, अंबा तीर्थ आदि शामिल है। अगर आप यहां पर हैं तो कुरिंजल पीक और नरसिम्हा पर्वत के लिए ट्रेक, कुद्रेमुख राष्ट्रीय उद्यान की प्राकृतिक सुंदरता को देखें। भगवती प्रकृति शिविर में प्रकृति की सैर, जीप सफारी और ट्रेकिंग का आनंद लें।

# गर्मियों की छुट्टियों में घूमने का प्लान बना रहे हैं तो भूलकर भी इन जगहों पर न जाएं वरना पड़ेगा पछताना

हर साल गर्मियों की छुट्टी में लोग कहीं ना कहीं घूमने जाते हैं। यह एक ऐसा समय होता है जब आप अपने परिवार के साथ अच्छा समय बिताते हैं और खूब मौज मस्ती करते हैं। ऐसे में गर्मियों की छुट्टियों में भारत की कई जगहों पर सैलानियों की भारी भीड़ देखने को मिलती है। लेकिन गर्मियों में कहीं भी घूमने का प्लान बनाने से पहले वहां का तापमान जरूर देख लें। गर्मियों में तेज धूप और लू में कहीं बाहर घूमना किसी सिरदर्द से कम नहीं है। ऐसा में अगर आप किसी ऐसी जगह घूमने का प्लान बना लेते हैं जहां भीषण गर्मी होती है तो आपका समय और पैसा दोनों बर्बाद होंगे। आज के इस लेख में हम आपको बताएंगे कि गर्मियों में कहां जाने से बचना चाहिए –

### आगरा, उत्तर प्रदेश

वीकेंड ट्रिप के लिए लोग अक्सर आगरा घूमने का प्लान बनाते हैं। यहाँ पर मौजूद दुनिया के सातवें अजूबे को देखने के लिए दुनियाभर से लोग आते हैं। आगरा में घूमने के लिए और भी कई बेहतरीन जगहें हैं। लेकिन गर्मी में यहाँ घूमना आपके लिए सिरदर्द बन सकता है। दरअसल, गर्मियों के मौसम में आगरा का तापमान बहुत बढ़ जाता है। तेज धूप में संगमरमर से बना ताजमहल भी तपने लगता है और आप कहीं बाहर भी नहीं घूम सकते हैं। इसलिए यहाँ गर्मियों में जाने का प्लान ना ही बनाएं।

### जैसलमेर, राजस्थान

राजस्थान का जैसलमेर न केवल भारतीय बल्कि विदेशी पर्यटकों की लिस्ट में भी शामिल है। जैसलमेर को गोल्डन सिटी के नाम से भी जाना जाता है। यहाँ हर साल दुनिया भर से लाखों पर्यटक आते हैं और सफारी का लुफ्त उठाते हैं। खाना की गर्मियों में जिप्सी गिरी शहर में घूमना काफी कठिन हो सकता है। गर्मियों में जैसलमेर का टेंपरेचर 40 डिग्री सेल्सियस के पार चला जाता है। इतनी भीषण गर्मी में जैसलमेर की यात्रा करना अच्छा आइडिया नहीं है।

### गोवा

घूमने के शौकीन लोगों की लिस्ट में गोवा का नाम सबसे ऊपर आता है। यहां लोग अपने दोस्त या पार्टनर के साथ मौज मस्ती करने के लिए पहुंचते हैं। यहां के खूबसूरत बीच, नाइटलाइफ और खुला माहौल युवाओं को अपनी ओर आकर्षित करता है। लेकिन गर्मियों के मौसम में गोवा घूमने का प्लान बनाने से पहले एक बार जरूर सोच लें। गर्मियों में तेज धूप में आप ठीक तरह से घूम नहीं पाएंगे और आपके पैसे सिर्फ बर्बाद ही होंगे।

### चेन्नई, दक्षिण भारत

दक्षिण भारत का चेन्नई शहर घूमने के लिहाज से बेहतरीन है। यहां कई सारे मंदिर, बीच और अन्य दार्शनिक स्थल हैं। लकी गर्मियों में यहां का पर बहुत अधिक बढ़ जाता है। ऐसे में गर्मियों के मौसम में चेन्नई में घूमना मुश्किल हो जाता है। इसलिए आप गर्मियों में चेन्नई घूमने का प्लान ना ही बनाएं।



स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com